

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 24 मई 2025 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष -41 ■ अंक-056 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 25 मई 2025 ■ मूल्य-1.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112

# नदी में बह गये करोड़ों के तेंदूपत्ता

**भोपालपटनम,24 मई।** इंद्रावती नदी के किनारे फड़ बनाकर सूखाए जा रहे करोड़ों के तेंदूपत्ता नदी में बह गये। क्षेत्र में दो दिनों से लगातार रुक-रूककर हुई बारिश ने शासन को करोड़ों का नुकसान पहुंचाया है। तेंदूपत्तों की गडिड्यां नदी किनारे रेत में सुखाई जा रही थी।

शासन ने ठेकेदारी प्रथा को बदलकर फारेस्ट विभाग को तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य सौंपा है। जिसमें विभाग को तेंदूपत्ता खरीदना था। बुधवार-गुरुवार को हुई तेज बारिश में भोपालपटनम इलाके की इंद्रावती नदी व चिंतावागु किनारे रेत में सुख रही तेंदूपत्ता की हजारों गड्डियां बह गई। इधर विभाग हाथ में हाथ धरे बैठा हुआ रह गया है। कई दिनों से मौसम विभाग ने भारी बारिश होने की चेतावनी दी थी। लेकिन खुले में रखे पत्तों को इकट्ठा नहीं किया गया। इंद्रावती नदी किनारे पोषड़पल्ली, करकावाया, बामनपुर, गोरगुंडा, अर्जुनल्ली, सहित कई गांव के फड़ों में भारी नुकसान हुआ है। रेत पर तेंदूपत्ता अच्छे से सुखता है इसलिए नदी किनारे रखा जाता है धूप की तेज गर्मी से रेत गर्म होती है जिससे तेंदूपत्ता दोनों तरफ से अच्छे से सूख जाता है। बेमौसम भारी बारिश के चलते सीधा सीधा शासन को बड़ा नुकसान हुआ है। पहले से ही बीजापुर जिला तेंदूपत्ता संग्रह कार्य में पिछड़ा हुआ था दूसरी तरफ बड़ी मार पड़ी है। बह जाने के बाद विभाग पंचनामा कर कार्रवाई करने की बात कह रहा है । फारेस्ट विभाग को जिम्मेदारी मिलने के बाद ग्रामीणों से तालमेल ज़माने में बड़ी मशक्कत करनी पड़ी। गड्डियों की कीमत और फड मुंशी से लेकर तमाम खर्चों में ग्रामीणों के साथ तालमेल बैठाने में विभाग के पसीने छूट गए। विभाग ने तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य मे रुचि नहीं दिखाया। छत्तीसगढ़ का तेंदूपत्ता बिना रोक-टोक के खुले आम पड़ोसी राज्य तेलंगाना एवं महाराष्ट्र की ओर जा रहा था।




> बेमौसम हुई बारिश ने नदी किनारे रखी तेंदूपत्तों की गड्डियों को बहाया है। लेकिन सभी फड़ों में बीमा हुआ है। शासन को नुकसान नहीं होगा बीमा कम्पनी पैसा पटाएगी। अभी फड़ कर्मचारियों द्वारा नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।
> **एसडीओ नीतीश कुमार रावटे**

## संक्षेप

### नक्सलियों ने 11 लाख का तेंदूपत्ता जलाया

**पखांजूर,24 मई।** कोयलीबेड़ा में नक्सलियों ने तेंदूपत्ता के एक बड़े फड़ को आग के हवाले कर दिया है। बताया जाता है कि 11 लाख रुपये के तेंदूपत्ता जल गये हैं।

### हत्या के फरार आरोपी पर 30 हजार का इनाम

**बेमेतरा,24 मई।** पुलिस ने हत्या के फरार आरोपी पर 30 हजार का इनाम रखा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी अजय राजपूत, उम्र 41 वर्ष, निवासी ग्राम सोनपुरी, चौकी संबलपुर द्वारा दिनांक 17 फरवरी को एक रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि वह अपनी पत्नी और पुत्री के साथ खेत से राहर लेकर लौट रहा था। कुछ समय पश्चात उसकी पुत्री लापता हो गई, जिसे खोजबीन के बाद धान के खेत में मृत अवस्था में पाया गया। इस संबंध में चौकी संबलपुर, थाना नवागढ़ में धारा 194 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान अपराध घटित होना पाए जाने पर धारा 103(1) बीएनएस के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण का आरोपी सोहन राजपूत, पिता रज्जू राजपूत, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम सोनपुरी, फरार है। लगातार प्रयासों के बावजूद अब तक आरोपी का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) द्वारा फरार आरोपी सोहन राजपूत (वर्मा) उम्र 30 वर्ष ग्राम सोनपुरी की गिरफ्तारी हेतु 5,000/- रूपये (पाँच हजार) के नगद इनाम की घोषणा की गई थी। अतः आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस महानिरीक्षक, दुर्ग रेंज, दुर्ग द्वारा इनाम राशि बढ़ाकर 30,000/- घोषित की गई हैं।

### अभिनेता मुकुल देव का निधन

**मुंबई,24 मई।** फेमस एक्टर मुकुल देव का निधन हो गया है. कई फिल्मों में नजर आ चुके एक्टर ने शुक्रवार यानी 23 मई की रात दुनिया को अलविदा कह दिया है. वो पिछले कुछ वक्त से काफी बीमार थे, जिसके चलते वो आईसीयू में भर्ती थे. 53 साल के एक्टर ने इलाज के दौरान उन्होंने आखिरी सांसे लिया है.मुकुल देव अपनी कॉमेडी के साथ इंटेंस किरदार के लिए भी काफी पसंद किए जाते थे. मुकुल देव ने सलमान खान और अजय देवगन के साथ फिल्मों में काम किया है. 'सन ऑफ सरदार', 'आर राजकुमार' और 'जय हो' जैसी फिल्मों में काम किया है.





### केरल में मॉनसून की एंट्री

**नई दिल्ली,24 मई।** मॉनसून केरल में पहुंच चुका है, जैसा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को घोषणा की. यह विशेष है कि आमतौर पर 1 जून को आने वाला मॉनसून इस वर्ष 8 दिन पहले, यानी 24 मई 2025 को केरल में दस्तक दे चुका है. मौसम विभाग ने पहले ही संकेत दिया था कि इस बार मॉनसून जल्दी आएगा. पिछले कुछ दिनों से भारत के कई राज्यों में बारिश हो रही है. आईएमडी ने बताया कि यह 2009 के बाद पहली बार है जब मॉनसून इतनी जल्दी केरल पहुंचा है, जबकि पिछले वर्ष यह 30 मई को आया था.मौसम विभाग ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में हल्की बारिश और गरज के साथ बौछारों की चेतावनी जारी की है. इसके अलावा, बिहार, झारखंड और ओडिशा में 26 मई तक भारी बारिश की संभावना है. विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों में 15 राज्यों में भारी से बहुत भारी बारिश की स्थिति बन सकती है.

## बृजमोहन के पिता रामजीलाल अग्रवाल का निधन

**गौ एवं समाजसेवक थे**

**रायपुर,24 मई।** वरिष्ठ समाजसेवी, गौसेवक एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल के पिता श्री रामजी लाल अग्रवाल जी का आज 96 वर्ष की आयु में गौ लोक गमन हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे अग्रवाल समाज के राष्ट्रीय संरक्षक थे। वे श्रीमती सावित्री देवी अग्रवाल, गोपालकृष्ण अग्रवाल, सांसद एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, अग्रवाल सभा रायपुर के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, यशवंत अग्रवाल के पिता, विष्णु अग्रवाल के भाई, पूरनलाल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल के चाचा एवं देवेंद्र अग्रवाल, गणेश अग्रवाल के ताऊजी थे। रामजीलाल अग्रवाल जी की अंतिम यात्रा 25 मई को सुबह 10 बजे रामजी वाटिका मौलश्री विहार, वी.आई.पी. रोड, रायपुर से निकलेगी। अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशान रायपुर घाट में संपन्न होगा। उनके निधन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय , विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, महापौर श्रीमती मीनल चौबे, पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने शोक प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि दी है।



## कार ने बाइक सवार दंपत्ति को मारी ठोकर

**गरियाबंद,24 मई।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में आज सुबह-सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. तौरंगा में एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दंपत्ति को ठोकर मार दी. इस घटना में बाइक चालक बुरी तरह घायल हो गया. हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस को फोन किया, लेकिन एंबुलेंस को आने में देर हो गई. स्थानीय लोगों ने प्राइवेट वाहन का सहारा लेकर बुजुर्ग दंपत्ति को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है. जानकारी के अनुसार, बाइक पर सवार बुजुर्ग दंपत्ति देवभोग से मैनपुर जा रहे थे. इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें ठोकर मार दी.

## 'विकसित भारत के लिए विकसित राज्य' थीम पर हुआ मंथन

**नई दिल्ली,24 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता की। इस महत्वपूर्ण बैठक में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उपराज्यपाल, केंद्रीय मंत्री, नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और सीईओ मौजूद रहे। इस वर्ष बैठक की थीम 'विकसित भारत के लिए विकसित राज्य' रखी गई थी। बैठक का उद्देश्य भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में राज्यों की भूमिका को स्पष्ट करना और केंद्र-राज्य समन्वय को मजबूत करना था। बैठक में उद्यमिता, कौशल विकास और स्थायी रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया गया। राज्यों से सुझाव आमंत्रित किए गए और उन्होंने अपनी क्षेत्रीय जरूरतों व योजनाओं को भी बैठक में प्रस्तुत किया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सभी मुख्यमंत्रियों को संबोधित किया और कहा कि "राज्य देश की विकास यात्रा के अहम स्तंभ हैं। जनता से सीधा जुड़ाव होने के कारण उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।" बैठक सुबह 10 बजे शुरू हुई और दोपहर तक चली। हालांकि, पिछले वर्ष की तरह इस बार भी कुछ राजनीतिक गर्मी देखने को मिली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, जिन्होंने पिछली बार बैठक को बीच में छोड़ दिया था, ने आरोप लगाया था कि उन्हें बोलने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया गया। मोदी ने कहा, "2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना हर भारतीय का सपना है और इसे साकार करने में राज्यों की सहभागिता सबसे अहम होगी। हमें तकनीकी और वैश्विक अवसरों का भरपूर उपयोग करना होगा।"



## धमधा के किसानों का पाकिस्तान-बांग्लादेश में टमाटर भेजने से इंकार

**रायपुर,24 मई।** छत्तीसगढ़ दुर्ग जिले के धमधा के किसानों ने पाकिस्तान और बांग्लादेश टमाटर भेजने से इंकार कर दिया है । देश भर मे पहलगाम आतंकी हमले को लेकर लोगो में खासा रोष है, लोग इस आतंकी हमले का विरोध अपने अपने तरीके से कर रहे है , भारत-पाकिस्तान में बढ़े तनाव के बीच सरकार ने पाकिस्तान जाने वाले पानी को रोक दिया था । ऐसा माना जा रहा है कि पाकिस्तान में आने वाले दिनों में गंभीर जल संकट आ सकता है और वहां के किसान इससे बूरी तरह प्रभावित हो सकते है, अब छत्तीसगढ़ दुर्ग जिले के धमधा के किसानों ने पाकिस्तान और बंग्लादेश टमाटर भेजने से इंकार कर दिया है । धमधा के किसानों ने टमाटर भेजना बंद कर दिया है। छत्तीसगढ़ प्रदेशभर में धमधा ब्लॉक में सबसे ज्यादा 9514 हेक्टेयर क्षेत्रफल में टमाटर लगाई जाती है। जिसमें सालाना 1.90 लाख मीट्रिक टन टमाटर की पैदावारी होती है। इस एरिया के 99 प्रतिशत किसान पाकिस्तान के लिए 1.10 लाख मीट्रिक टन टमाटर दलालों के माध्यम से भेजा करते थे। जिसे अब बंद कर दिया गया है। किसानों के मुताबिक, टमाटर की ट्रांसपोर्टिंग राष्ट्रीय एजेंटों के माध्यम से होता आ रहा है। रायपुर राजधानी में ऐसे एजेंट होटलों में आकर रुकते हैं। ये एजेंट लोकल एजेंटों के संपर्क में होते हैं और वे किसानों तक पहुंचते हैं। सौदा तय होने के बाद टमाटर बाड़ियों में ट्रकें लगाई जाती है। ट्रकें पहले कलकत्ता, गोरखपुर, नेपाल तक जाती है। यहां से पाकिस्तान तक पहुंचाया जाता है।

अधिसूचना में कहा गया है कि पाकिस्तान से आने वाले या वहां से एक्सपोर्ट किए जाने वाले सभी सामानों का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष इम्पोर्ट तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक प्रतिबंधित रहेगा. यह प्रतिबंध तब तक लागू रहेगा जब तक कोई नया आदेश जारी नहीं किया जाता. यह निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक नीति के हित में लिया गया है. इस प्रतिबंध के किसी भी अपवाद के लिए भारत सरकार की स्वीकृति अनिवार्य होगी. अगर किसी को पाकिस्तान से कोई सामान मंगाना बेहद जरूरी हो, तो उसे भारत सरकार से पूर्व अनुमति लेनी होगी.

## नीति आयोग की बैठक में साय ने रखा विकास का रोड मैप

**रायपुर/दिल्ली,24 मई।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की बैठक में शामिल हुए। बैठक से पूर्व मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास के रोडमैप और प्राथमिकताओं को लेकर अपने दृष्टिकोण को स्पष्ट किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि वह नीति आयोग के समक्ष छत्तीसगढ़ की भावी योजनाओं, औद्योगिक विकास, निवेश प्रोत्साहन और समावेशी विकास की रणनीतियों को प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि "विकसित भारत" के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्ष्य के अनुरूप छत्तीसगढ़ सरकार "विकसित छत्तीसगढ़" की दिशा में ठोस प्रयास कर रही है। साय ने विशेष रूप से नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य सरकार सुरक्षा और विकास दोनों पर समान रूप से काम कर रही है।



उन्होंने कहा कि सरकार की प्रतिबद्धता और योजनाबद्ध कार्यप्रणाली के चलते राज्य में नक्सलवाद अब समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि बैठक में वह राज्य की नई औद्योगिक नीति और निवेश को आकर्षित करने की रणनीतियों को साझा करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि छत्तीसगढ़ आने वाले वर्षों में औद्योगिक, सामाजिक और आर्थिक मोर्चे पर देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा। मुख्यमंत्री साय की यह भागीदारी छत्तीसगढ़ के सतत और समावेशी विकास की दिशा में केंद्र के साथ बेहतर समन्वय की एक मजबूत पहल मानी जा रही है।

## यूएन में गरजा भारत, मुंह छिपाकर भागा पाकिस्तान

**● शहबाज-मुनीर की इंटरनेशनल बेइज्जती**



**नई दिल्ली,24 मई।** जम्मू-कश्मीर में 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए भयावह हमले के बाद, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे, भारत ने फैसला किया था कि 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित रखा जाएगा, जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को त्याग नहीं देता। हरीश ने संयुक्त राष्ट्र की बैठक में कहा कि भारत ने 65 साल पहले सद्भावना के साथ सिंधु जल संधि में प्रवेश किया था। इस बात पर गौर करते हुए कि संधि की प्रस्तावना में वर्णित है कि इसे 'सद्भावना और मित्रता की भावना' में संपन्न किया गया था, हरीश ने इन साढ़े छह दशकों के दौरान कहा कि पाकिस्तान ने भारत पर तीन युद्ध और हजारों आतंकवादी हमले करके संधि की भावना का उल्लंघन किया है।

सिंधु जल संधि पर संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के दुष्प्रचार की धज्जियाँ उड़ाते हुए भारत ने कहा कि इस्लामाबाद ने भारत पर तीन युद्ध और हज़ारों आतंकी हमले करके अपनी भावना का उल्लंघन किया है, जिसका उद्देश्य नागरिकों के जीवन, धार्मिक सद्भाव और आर्थिक समृद्धि को बंधक बनाना है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि हम सिंधु जल संधि के बारे में पाकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल द्वारा किए जा रहे दुष्प्रचार का जवाब देने के लिए बाध्य हैं। भारत ने हमेशा एक ऊपरी तटवर्ती राज्य के रूप में जिम्मेदारी से काम किया है। हरीश स्लोवेनिया के स्थायी मिशन द्वारा 'सशस्त्र संघर्ष में जल की रक्षा - नागरिक जीवन की रक्षा' पर आयोजित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अरिया फॉर्मूला बैठक को संबोधित कर रहे थे। जम्मू-कश्मीर में 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए भयावह हमले के बाद, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे, भारत ने फैसला किया था कि 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित रखा जाएगा, जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को त्याग नहीं देता। हरीश ने संयुक्त राष्ट्र की बैठक में कहा कि भारत ने 65 साल पहले सद्भावना के साथ सिंधु जल संधि में प्रवेश किया था। इस बात पर गौर करते हुए कि संधि की प्रस्तावना में वर्णित है कि इसे 'सद्भावना और मित्रता की भावना' में संपन्न किया गया था, हरीश ने इन साढ़े छह दशकों के दौरान कहा कि पाकिस्तान ने भारत पर तीन युद्ध और हजारों आतंकवादी हमले करके संधि की भावना का उल्लंघन किया है। भारतीय राजदूत ने रेखांकित किया कि पिछले चार दशकों में, आतंकवादी हमलों में 20,000 से अधिक भारतीय मारे गए हैं, जिनमें से सबसे हालिया हमला पहलगाम में पर्यटकों पर किया गया नृशंस आतंकवादी हमला था। यद्यपि भारत ने इस अवधि के दौरान असाधारण धैर्य और उदारता दिखाई है, हरीश ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा भारत में प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद नागरिकों के जीवन, धार्मिक सद्भाव और आर्थिक समृद्धि को बंधक बनाने का प्रयास करता है।

## जंगल में युवती अचेत अवस्था में मिली

**कवर्धा,24 मई।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले से सनसनीखेज मामला सामने आया है. कुकदुर थाना क्षेत्र के बदोरा जंगल में पिकनिक मनाने गए कुछ लोगों को दर्द से कराहती 22 वर्षीय युवती अचेत अवस्था मिली. जिसके बाद युवती को तत्काल पंडरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां डॉक्टरों ने जिला हॉस्पिटल रेफर कर दिया है. युवती की हालात नाजुक है, वह बोलने की स्थिति में नहीं है. इस मामले में परिजनों ने युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की आशंका जताई है. हालांकि पीड़िता का बयान दर्ज नहीं होने से दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है. जानकारी के अनुसार, युवती अपने गांव में नाना-नानी के घर आई थी और वहां से अपने जीजा के घर गई थी. जहां से अज्ञात युवक ने उसे बहला-फुसलाकर बदोरा के जंगल ले गया. जहां 22 वर्षीय युवती के साथ मारपीट की गई और उसे मृत समझकर आरोपी फरार हो गए. घटना को लेकर परिजनों ने युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की आशंका जताई है. युवती के गले और शरीर के कई हिस्सों में चोट के गंभीर निशान पाए गए हैं. हालांकि, पुलिस अभी दुष्कर्म की पुष्टि नहीं कर सकी है क्योंकि पीड़िता का बयान अब तक दर्ज नहीं हो पाया है. फिलहाल पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस का कहना है कि पीड़िता के बयान के बाद ही पूरे मामले की तस्वीर साफ हो पाएगी.

## पुंछ में राहुल गांधी ने बच्चों से कहा- 'चिंता न करें, सब सामान्य हो जाएगा..'

**श्रीनगर,24 मई।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले का दौरा किया। यहां वह पाकिस्तान की ओर से की गई गोलीबारी से प्रभावित इलाकों में पहुंचे और मारे गए लोगों के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने स्कूली बच्चों से भी मुलाकात की, उनका हौसला बढ़ाया और कहा कि मैं आपसे बहुत प्यार करता हूं। इस मौके पर उनके साथ जम्मू-कश्मीर कांग्रेस अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा भी मौजूद थे।

राहुल ने पुंछ के एक स्कूल पहुंचकर यहां पाकिस्तानी सेना की गोलाबारी से प्रभावित छात्रों से बातचीत की। उन्होंने कहा, "आपने खतरा और थोड़ी भयावह स्थिति देखी है, लेकिन चिंता न करें, सब सामान्य हो जाएगा। इस समस्या से निपटने का आपका तरीका यह होना चाहिए कि आप खूब पढ़ाई करें, खूब खेलें और स्कूल में ढेर सारे दोस्त बनाएं।" बता दें कि, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद राहुल का यह दूसरा दौरा है। इससे पहले वे 25 अप्रैल को श्रीनगर पहुंचे थे। यहां उन्होंने सीएम उमर अब्दुल्ला, एलजी मनोज सिन्हा और घायलों से मुलाकात की थी। 22 अप्रैल की दोपहर पहलगाम की ब्यासरन घाटी में आतंकियों ने पर्यटकों पर फायरिंग कर दी थी। हमले में 26 पर्यटक मारे गए थे। 10 से ज्यादा घायल हुए थे।

## छग में आईपीएस कैडर की संख्या में बढ़ोतरी, केंद्र ने बढ़ाया 11 पदों का कोटा

**रायपुर,24 मई।** केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को आवंटित आईपीएस कैडर की संख्या में बढ़ोतरी कर दी है. इस निर्णय के बाद अब छत्तीसगढ़ के आईपीएस कैडर में 142 से बढ़कर 153 अधिकारी शामिल होंगे. इसके लिए 21 मई को भारत के राजपत्र में प्रकाशन किया गया है. प्रदेश में नए पद सृजित करने के साथ राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों को प्रमोशन का फायदा मिलेगा. अंतिम बार साल 2017 में कैडर रिवीजन के बाद साइबर क्राइम और राज्य इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) के साथ जीपीएम, मोहला मानपुर, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़, मनेंद्रगढ़, चिरमिरी भरतपुर और खैरागढ़ एसपी के पद सृजित किए गए हैं. जारी सूचना के बाद आरआर 99 से बढ़ाकर 109 और राज्य पुलिस सेवा कैडर 43 से बढ़ाकर 46 कर दिया गया है. बता दें कि छत्तीसगढ़ का गठन होने के बाद तीन बाद आईपीएस कैडर का रिवीजन हुआ और कैडर बढ़ाया गया.

## इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान

**शुभमन गिल बने टेस्ट टीम के कप्तान**

**नई दिल्ली,24 मई।** शुभमन गिल को भारत का 37वां टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया है। बीसीसीआई ने शनिवार 24 मई को मुंबई में सीनियर चयन समिति की बैठक के दौरान इस निर्णय की पुष्टि की। अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति और बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बोर्ड मुख्यालय में बैठक कर इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए 18 सदस्यीय टीम का चयन किया। इंग्लैंड दौरे के लिए शुभमन गिल के डिप्टी के तौर पर ऋषभ पंत को चुना गया।

**टीम इस प्रकार है**-शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव शामिल हैं। गिल ने रोहित शर्मा की जगह ली है, जिन्होंने मई में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। गिल को जसप्रीत बुमराह से आगे चुना गया है, जिन्होंने पहले ही तीन टेस्ट मैचों में भारत की कप्तानी की है, जिसमें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में रोहित की अनुपस्थिति में दो मैच शामिल हैं। 25 साल की उम्र में, गिल हाल के वर्षों में यह पद संभालने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में से एक बन गए हैं। हालाँकि उनके पास लाल गेंद के प्रारूप में कप्तानी का अनुभव नहीं है। गिल इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटन्स की कप्तानी भी कर रहे हैं। गिल ने केवल पाँच प्रथम श्रेणी मैचों में कप्तानी की है।

## एक नजर

### 15 लाख की ठगी

**भिलाई, 24 मई।** भिलाई फेसबुक आईडी से दोस्ती कर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 318 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है नेवई पुलिस ने बताया कि सुभाष तिवारी का परिचय फेसबुक आईडी से श्रेया अग्रवाल से हुआ जिसका मोबाईल नंबर से वाट्सएप से बातचीत हुआ करता था इस दौरान श्रेया ट्रेडिंग में मुनाफा के बारे में जानकारी देकर लिंक भेजकर आईडी बनाया पीड़ित ने लालच में आकर अलग अलग किश्तों में 15 लाख रुपए जमा कराए गए इस दौरान पीड़ित से विडियों काल में भी बातचीत हुआ था विडियों कॉल में श्रेया अग्रवाल की डीपी वाली महिला से बातचीत हुआ था श्रेया ने झांसा देते हुए पीड़ित को बताया कि भाई व पापा दुबई में रहते है जो लाल चंदन का एक्सपोर्ट करते है पहले रकम को 50 हजार रुपए यूपीआई की मदद से जमा किया जिसे डॉलर में कन्वर्ट कर पीड़ित के आईडी मे 500 यूएसडीटी जमा किया फिर ट्रेड कराकर कुछ ही देर में 600 यूएसडीटी दिखने लगा तब श्रेया ने भरोसा में लिया और अच्छा ग्रोथ का झांसा देकर आईडी में 5 लाख इन्वेस्ट कर बंधन बैंक का खाता नंबर उसने दिया। पीड़ित ने भी 5 लाख रुपओ आरटीजीएस किया। चेक करने पर 11,110 यूएसडीटी हो गया था। फिर वाटसअप की जरिये स्क्रीन शॉट भेजकर ट्रेड कराती थी। पीड़ित से कुल 15 लाख रुपए का ठगी किया गया। परेशना होकर पीड़ित ने शिकायत पुलिस से किया।

### डेढ़ करोड़ रुपए की ठगी करने वाला युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 24 मई।** भिलाई सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का झांसा देकर डेढ़ करोड़ रुपए का ठगी करने वाले प्रेमजीत शर्मा को पुलिस ने पटना बिहार से गिरफ्तार किया भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि सुपेला निवासी जसमिंदर सिंग दिघवा वर्ष 2017 में संजीवीटी इंटरप्राइजेस लिमिटेड मुम्बई के संचालक प्रेमजीत शर्मा के साथ व्यवसायिक वाट्सअप ग्रुप के माध्यम से संपर्क में आया। नेपाल में सोलर स्ट्रीट लाइट प्रोजेक्ट लगाने के नाम पर 1.50 करोड़ निवेश कराया गया। पीड़ित द्वारा रकम निवेश करने के बाद अधिक बारिश होने के कारण नेपाल में सोलर स्ट्रीट लाइट प्रोजेक्ट बंद होने और नाइजीरिया में नये सोलर स्ट्रीट लाइट का अनुबंध होने को लेकर आरोपी प्रेमजीत शर्मा ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर भेजा ।

### दो आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 24 मई।** भिलाई बंधन बैंक शाखा स्मृति नगर भिलाई के 13 बैंक खाता धारकों के विरुद्ध तीन मार्च को साइबर थाना दुर्ग में शिकायत दर्ज कराई गई थी पुलिस ने बताया कि इस मामले में शिकायत दर्ज कर विवेचना शुरू की उपरोक्त खातों के ट्रांजेक्शन डिटेल का निरीक्षण करने पर 50,01,767 रुपये संदिग्ध रकम व 3,74,87,193 रुपये का लेनदेन होना पाया गया है प्रकरण की विवेचना के दौरान सभी 13 म्यूल बैक खातों की जानकारी बंधन बैंक शाखा स्मृति नगर भिलाई जिला दुर्ग से प्राप्त किया गया विवेचना के दौरान 21 मई को राजीव नगर कोहका रोड भिलाई निवासी आरोपित उपेंद्र गुप्ता (27 साल ) और लक्ष्मी नगर वीएन पब्लिक स्कूल के पास सुपेला भिलाई निवासी जितेन्द्र कुमार साहू (26 साल ) से पूछताछ कर उनका बयान लिया गया उपरोक्त अपराध में संलिप्तता के संबंध में पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायायलय में पेश किया गया जहां उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### अति गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**मोहला 24 मई ।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में हमर लइका कार्यक्रम सी मैम के अंतर्गत अति गंभीर कुपोषित सैम बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही आवश्यकतानुसार गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र भी रेफर किया गया। इस शिविर में एम्स रायपुर और यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से जिले के मानपुर और मोहला में कुल 100 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर गया।

# भारतीय सेना के शौर्य के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल, 24 मई।** भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन के निर्देशानुसार जामुल मंडल अध्यक्ष प्रशांत बंटी गुप्ता के नेतृत्व में जामुल नगर के देशभक्त और मंडल द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए देश के बहादुर सेना के साहस को सैलूट करते हुए जामुल नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकल गया। इस यात्रा में मुख्य रूप से भाजपा भिलाई जिला के उपाध्यक्ष व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर और वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत ठाकुर ने सर्वप्रथम माँ भारती का आह्वान करते हुए दुर्गा मंदिर वार्ड 4 से यात्रा की शुरुवात किया गया। तिरंगा रैली दुर्गा मंदिर वार्ड 04 से प्रारंभ कर वार्ड,1,2,3,5,6,7 तक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन गर्मजोशी से किया गया। यह यात्रा हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पश्चात भारतीय सेना द्वारा किए गए साहसिक और निर्णायक कार्रवाई के प्रति सम्मान और समर्थन व्यक्त करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यतः कार्यक्रम के जिला संयोजक व प्रदेश युवा मोर्चा सदस्य आकाश सिंह ठाकुर जामुल मंडल महामंत्री नूतन वर्मा, मंडल कार्यक्रम के संयोजक ओमप्रकाश साहू, सरस बर्मन, सोनू यादव, कामिन साहू, योगिता साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष हेमंत देवांगन, संसद प्रतिनिधि हलधर साहू, वरिष्ठ पार्षद रामदुलार साहू, खम्मन ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष दीपक सिंह, अरुण यादव, मंडल मंत्री संजय यादव, राकेश वर्मा, कोषाध्यक्ष सुभाष पंचाल, पूर्व पार्षद व जिला मंत्री मेघनाथ साहू, जिला मंत्री बी आर रामटेके, स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण क्षत्रिय, युवामोर्चा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष सोनू यादव, महामंत्री अनूप राय, विजय राव, लेखराम पाल, रोहित साहू, सतीश, रवि स्वामी , लेख राम साहू, लेखराम पाल, , उमेश साहू, शिव वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, सुनील गायकवाड, राकेश वर्मा, जूनियर ओम प्रकाश साहू, एसटी मोर्चा अध्यक्ष दौवा राम ठाकुर, जितेद्र सिंह, विष्णु सिन्हा, लल्लन सिंह, गोविंद तांडी, टीकाराम यादव, रेणु देवी, प्रियंका देवी, पूनम देवी, ऊषा वर्मा, वैशाली जंगल, राजेंद्र चौहान, उमेश्वर जंगल, किसन सिंह, गप्पू जंघेल, कामेश्वर सिंह, धनेश्वर गौतम, नारायण गौतम आदि उपस्थित रहे ।

## भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान में एसोसिएट फेलो के रूप में विनय शुक्ला का चयन

**भिलाई, 24 मई।** शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में पदस्थ हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विनय कुमार शुक्ला का चयन भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, राष्ट्रपति निवास शिमला में एसोसिएट फेलो के रूप में किया गया है। यह चयन भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान शिमला में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सौजन्य से मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के क्षेत्र में चलायमान अंतरविश्वविद्यालयी केंद्र (आईयूसी) के तहत किया गया है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय स्तर पर अकादमिक क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता के स्तर का उन्नयन करना है। इस हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्तर पर एसोसिएट फेलो के लिए आवेदन मंगाए जाते हैं। जिनका चयन



समिति द्वारा किया जाता है, उन्हें फेलो के रूप में आमंत्रित किया जाता है। जिसकी अवधि 03 वर्ष के लिए 03 सत्र में होती है। पूरे देश से विभिन्न विषयों के 41 प्रध्यापको का चयन किया गया है जिसमे छत्तीसगढ से एक मात्र हिन्दी विषय मे डॉ. विनय शुक्ला चयनित हुए हैं जो उच्च शिक्षा विभाग एवं महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। शुक्ला के इस उपलब्धि पर संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा अम्बिकापुर के कुलपति प्रो. पी.पी. सिंह, कुलसचिव डॉ. एस.पी.त्रिपाठी के साथ-साथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.आर. कंवर, प्रो. एम.सी.हिमधर, डॉ. जी.के. मिश्र, डॉ. आशुतोष देऊस्कर, डॉ.वी.के.पाण्डेय, श्रीमती जयश्री प्रजापति, अनुरंजन कुजूर, भूपेन्द्र सिंह, डॉ. रामयश पाल सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है ।

## स्वामी विवेकानंद अकादमी के छात्रों ने वनरक्षक भर्ती में रचा इतिहास,सामुदायिक पुलिसिंग की बड़ी सफलता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा , 24 मई।** कबीरधाम पुलिस द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद अकादमी ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। हाल ही में घोषित वनरक्षक भर्ती परीक्षा के परिणाम में जिले के लिए निर्धारित 36 पदों में से 13 पदों पर अकादमी से प्रशिक्षित विद्यार्थियों का चयन हुआ है। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि न केवल अकादमी बल्कि पूरे कबीरधाम पुलिस विभाग के लिए गर्व का विषय है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (IPS) स्वयं अन्य अधिकारियों के साथ अकादमी पहुंचे और चयनित छात्र-छात्राओं को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



यह अकादमी छत्तीसगढ़ पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग पहल का हिस्सा है, जो युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर उन्हें सुरक्षा बलों, अर्धसैनिक बलों एवं अन्य सेवाओं में करियर बनाने हेतु तैयार करती है। स्वामी विवेकानंद अकादमी के माध्यम से अब तक कुल लगभग 500 युवक-युवतियों का चयन पुलिस आरक्षक, पुलिस उप निरीक्षक, वनरक्षक, अर्धसैनिक बल, सेना, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के आरक्षक एवं नगर सैनिक जैसे विभिन्न पदों पर हो चुका है। यह न केवल जिले बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है।पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (IPS) ने कहा कि यह सफलता उन सभी पुलिसकर्मियों के समर्पण, परिश्रम और मार्गदर्शन का परिणाम है जो इस अकादमी के संचालन में लगे हैं। यह अकादमी पुलिस और समाज के बीच सकारात्मक संवाद का सेतु बन चुकी है।इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कृष्ण कुमार चंद्राकर, डीएसपी आशीष शुक्ला उपस्थित रहे और उन्होंने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। एकेडमी के प्रशिक्षक दल, जिनके अथक प्रयासों से यह सफलता संभव हुई आरक्षक विक्की चंद्रवंशी आरक्षक प्रदीप श्रीवास आरक्षक दशरथ साहू महिला आरक्षक तुलसी चंद्रवंशी महिला नगर सैनिक रीना शर्मा ।

ये सभी प्रशिक्षक सेवा भावना से युवाओं को नियमित प्रशिक्षण दे रहे हैं, जिसमें शारीरिक दक्षता, लिखित परीक्षा की तैयारी, एवं अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जाता है।स्वामी विवेकानंद अकादमी न केवल कबीरधाम, बल्कि बलरामपुर, सरगुजा, बेमेतरा आदि जिलों के युवाओं के लिए भी एक प्रेरणास्रोत बन चुकी है ।

### केन्द्रीय जेल दुर्ग में सजा भुगत रहे बंदियों को जेल में रोजगार प्रशिक्षण

**दुर्ग, 24 मई ।** दुर्ग की केन्द्रीय जेल अब सिर्फ सजा काटने की जगह नहीं रही, बल्कि यह अब बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने का केंद्र बनती जा रही है। जेल अधीक्षक मनीष संभाकर की पहल पर यहां रोजगारमुखी प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे बंदियों को नया जीवन शुरू करने का मौका मिल रहा है।दुर्ग की केन्द्रीय जेल में हो रहा है एक सकारात्मक बदलाव। जेल में सजा काट रहे बंदियों को अब आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जेल अधीक्षक मनीष संभाकर के मार्गदर्शन में शुरू की गई इस पहल से बंदियों को एलईडी बल्ब निर्माण का काम सिखाया गया है। हर दिन बंदी सैकड़ों एलईडी बल्ब तैयार कर रहे हैं।

## जामुल में सम्पन्न हुआ समर कैंप, प्रमाण पत्र देकर किया गया पुरस्कृत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल, 24 मई।** स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय जामुल में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन हुआ जिसमें नन्हे बच्चों से लेकर बड़े बच्चों ने शिविर में आयोजित प्रशिक्षण का लाभ लिया। शिविर के समापन में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष व पूर्व पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर, शाला विकास समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण क्षत्रिय व विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जामुल मंडल अध्यक्ष प्रशांत बंटी गुप्ता, मंडल महामंत्री नूतन वर्मा, विकास समिति के सदस्य बी आर रामटेके, ओमप्रकाश साहू, योगिता साहू मुख्यतः उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रचार्य वंदना शर्मा के अध्यक्षता में यह शिविर 8 से 23 मई तक लगातार चला जिसमे बच्चों ने रंगोली, चित्र कला, संगीत, योगा, खेलकूद, स्पोकन इंग्लिश आदि विभिन्न प्रकार के कला और शिक्षा ग्रहण किए। शिविर के समापन बेला में बच्चों द्वारा हमारी छत्तीसगढ़ की धरोहर बस्तरिया गीत पर नृत्य किया गया, सुदर सुंदर रंगोली , पेंटिंग, फूलों से सुदर मनमोहन ड्राफ्ट बनाई गई। कार्यक्रम के अंत मे बच्चों को अतिथियों द्वारा सर्टिफिकेट दिया। अंत मे सभी बच्चों ने एक परिवार जैसे अतिथि व विद्यालय के शिक्षकों के साथ मिलकर जलपान भी किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक माया मैडम और आभार पुष्पा देवांगन द्वारा किया गया। शिक्षकगण व स्टाफ में ऋषिकांत शुक्ला, एम वासनिक, संतोष जंघेल, प्रीतम बंछोर, दीप्ति रानी गुप्ता, मोना राय, अमिता तिर्की, भावना वर्मा, नीरज पंडित, संजना जायसवाल, विभा वासिन, शुभम गोविन्दनी, मुकेश सोनकर, दुलारी ध्रुव उपस्थित रहे।

## शिक्षित बेरोजगारों ने ऑनलाइन प्राप्त किया स्वरोजगार प्रशिक्षण

**भिलाई, 24 मई।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की इच्छानुरूप सहकारी क्षेत्र में स्थापित भारतीय श्रम सहकारी समिति नई दिल्ली को देश में स्थापित एमएसएमई से संबंध करोड़ों उद्योगों को भारतीय गुणवत्ता परिषद द्वारा प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके अंतर्गत विभिन्न क्षेत्र में उत्तीर्ण ग्रेजुएट शिक्षित बेरोजगारों को प्रशिक्षित करने की जिम्मेदारी भारतीय श्रम सहकारी समिति निभा रही है। छत्तीसगढ़ के कोरबा, रायपुर के बाद दुर्ग में केन्द्रीय सहकारी बैंक के सभागार में 100 से भी अधिक युवाओं ने भाग लेकर भारतीय श्रम सहकारी समिति नई दिल्ली द्वारा जारी ऑनलाइन वीडियो से प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्हें वीडियो के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में औद्योगिक विकास के साथ गुणवत्ता युक्त उत्पादन कर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का सुझाव दिया गया। भारतीय श्रम सहकारी समिति नई दिल्ली एवं भारतीय गुणवत्ता परिषद से प्रशिक्षित इंजीनियर पंकज उम्बरे (सदस्य छत्तीसगढ़ प्रभारी) ने समस्त युवाओं का विस्तार से (जेडईडी) जीरो इफेक्ट जीरो डिफेक्ट की जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित युवाओं के प्रश्नों का विस्तार पूर्वक समाधान किया। इस अवसर पर भारतीय श्रम सहकारी समिति नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष लखन लाल साहू ने बताया कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाए जाने हेतु छग के युवाओं को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे वे स्वयं के पैरों पर खड़ा हो सकें तथा पर्याप्त आय अर्जित कर सकें। प्रमुख उपस्थितों में दिनेश संचेती, कांतिलाल जैन, अविनाश साहू, नारायण बघेल, रमेश धृतलहरे, गणेश प्रसाद साहू, संजीव सिंह, योगेन्द्र निर्मलकर, प्रशांत बक्शी, राजेश शर्मा, मिनल हिरवानी, कुसुमलता, बबलू, आर.एन.रामराव शामिल थे।




## दल्लीराजहरा में बीएसपी के ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**भिलाई, 24 मई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विभाग, लौह अयस्क समूह, दल्ली राजहरा द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2025 का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक आर. बी. गहरवार ने सिटीजन क्लब, राजहरा में 22 मई को किया। यह प्रशिक्षण शिविर 22 मई से 10 जून तक आयोजित किया जाएगा। शिविर में 12 खेलों को शामिल किया गया है, जिनमें क्रिकेट, फुटबॉल, शतरंज, वॉलीबॉल, जूडो, कराटे, बॉक्सिंग, वेटलिफ्टिंग, पावरलिफ्टिंग, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और तीरंदाजी शामिल हैं। इन सभी खेलों में सैकड़ों बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख अधिकारियों में महाप्रबंधक प्रभारी विपिन कुमार, महाप्रबंधक अरुण कुमार, महाप्रबंधक एन. के. साहू, सहायक महाप्रबंधक अतुल कॉलेश, सहायक महाप्रबंधक रमेश हेडाऊ, सहायक महाप्रबंधक नितेश छत्री, लखन लाल चौधरी, तिलक मानकर एवं श्रीनिवासुलू सहित विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। शिविर में प्रशिक्षण देने वाले राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभवी प्रशिक्षकों में बालमुकुंद सिंह, सुदर्शन कुमार सिंह, सुश्री दामिनी सिंह, सुश्री तेजेश्वरी साहू, कृष्णमूर्ति, सुश्री अनीता शिंदे, सुश्री तामिन साहू एवं कुशाल रजक प्रमुख रूप से शामिल हैं। खेल आयोजन समिति के प्रमुख सलाहकार एस. के. व्यास ने अपने वक्तव्य में मुख्य महाप्रबंधक द्वारा विभिन्न खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए आभार जताया तथा खेल क्लबों की वर्तमान स्थिति और आवश्यकताओं से प्रबंधन को अवगत कराया। मानव संसाधन विभाग की ओर से उप प्रबंधक गिरीश मढ़रिया ने स्वागत भाषण दिया। संचालन अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी रतीश मिश्रा द्वारा किया गया। आयोजन की सफलता में मानव संसाधन विभाग के अधिकारियों, सहायक प्रबंधक के. शशांक राव, आनंद कुमार, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी संतराम साहू, घनश्याम पारकर तथा सहयोगियों हरकराम, भोजराम एवं महेश कुमार का विशेष योगदान रहा।

## आयुक्त ने स्वास्थ्य अमले को किसी भी महामारी के लिए सतर्क रहने के दिए निर्देश

**भिलाई, 24 मई।** आयुक्त नगर पालिक निगम की अध्यक्षता में जिला मलेरिया विभाग, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, शहरी परिवार कल्याण विभाग की जल जनित बिमारियों जैसे- उल्टी, दस्त, डायरिया, पीलिया एवं मच्छर जनित रोगों जैसे- डेंगू/मलेरिया से बचाव/रोकथाम के लिए जन समुदाय में व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, शहरी खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीयाम सिंह, सलाहकार तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. सोनल सिंह, प्रभारी सहायक मलेरिया अधिकारी सुरेन्द्र बंजारे, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक संजीव दुबे, प्रबंधक नगर स्वास्थ्य सेवा बीएसपी रमेश गुप्ता, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के. के. सिंह, निगम के सभी सेक्टर सुपरवाईजर, एरिया कॉडिनेटर पुष्पा मिश्रा, टोमिन साहू, के एल कुमारी, सभी मितानीन प्रशिक्षक उपस्थित रहे। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया मच्छर अपने जीवनकाल की प्रारंभिक तीन अवस्थाएं अण्डा, लार्वा एवं प्यूपा पानी में रहकर ही पूरा करते हैं। मच्छर के व्यस्क अवस्था में पहुंचने के पूर्व ही प्रारंभिक जीवनकाल में मच्छर लार्वा स्त्रोतों को समाप्त कर देना ही रोगो के नियंत्रण के लिए अति महत्वपूर्ण उपाय है। महामारी नियंत्रण के लिए मैदानी स्वास्थ्य अमलों को किसी भी महामारी के लिए सतर्क रहने के लिए निर्देश दिए गए हैं। मितानीन एवं महिला आरोग्य समिति के सदस्यो से समन्वय स्थापित कर सतत निगरानी रखे और प्रभावित मरीज की सूचना मिलते ही अतिशीघ्र आवश्यक प्रतिबंधक कार्यवाही की जाए। भ्रमण के दौरान देखने में आता है कि प्लास्टिक, कुरकुरे, चिप्स आदि के पैकेट नालियों में बिखरे पड़े रहते हैं । जिससे नालियां जाम हो जाती हैं, जिससे पानी का निकासी नहीं हो पाता। ऐसे दुकानों के पास अनिवार्यतः डस्टबिन रखवाएं, जो नहीं मानते उन पर चालानी कार्यवाही करें। उन्होने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को निर्देशित किए कि बड़े दुकानदारों जो इस प्रकार की सामग्री बेचते हैं उनके खिलाफ न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया जाए। शहरी प्रभारी खण्ड चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि किसी प्रकार की लक्षण दिखे तो सीधे शासकीय चिकित्सालय में संपर्क करें।



## एक नजर

### शनिदेव मंदिर मे शनि शिंगणापुर स्थापना दिवस आयोजन



डोगंरगढ़, 24 मई। महावीर पारा स्थित शनिदेव मंदिर मे हर वर्ष की तरह इस वर्ष शनिदेव मंदिर मे शनि शिंगणापुर स्थापना दिवस आयोजन किया जा रही है शनिदेव मंदिर के पंडित आनंद जगदीश शर्मा ने बताया कि भक्तो के कल्याण के लिए व मनोकामन पूर्ति के लिए 26 मई को सुबह से शनि मूर्ति रुद्र अभिषेक किया भक्तो कराए जाएंगे सोमवार को सोमवती अमावस्या वट सावित्री दर्श भावुका अमावस्या शनैशचर जयंती के रुप मे महाराष्ट्र मे मनाया जाता है और परे भारत मे हर शनि मंदिर भी मनाई जाती है एक दिवस समारोह आयोजित शनिदेव मंदिर डोगंरगढ छत्तीसगढ

### देवादा कोटवार पारा में महिला की जली हुई लाश मिली

राजनांदगांव, 24 मई। थाना सोमनी पुलिस को सूचना मिली की एक महिला अपने घर ग्राम देवादा में जली हुई अवस्था में पायी गयी है उक्त सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन के द्वारा हमराह स्टाफ के घटना स्थल मृतिका की घर ग्राम देवादा रवाना हुआ घटना स्थल पहुंचकर घटना स्थल को सुरक्षित कर वरिष्ट अधिकारियो को घटना के संबंध में अवगत कराकर एफएसएल की टीम व डाग स्काड एवं फोटोग्राफर की टीम के साथ घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण एवं आसपास के लोगों व परिजनो से पूछताछ करने एवं परिस्थिति जन्य साक्ष्य से थाना सोमनी पुलिस को यह तथ्य ज्ञात हुआ की मृतिका उमा उर्फ पूजा निर्मलकर पति परसादी राम निर्मलकर उम्र 36 वर्ष साकिम ग्राम देवादा की मृत्यु प्रथम दृष्टया स्वयं को आग लगाकर आत्महत्या करना पाया गया, थाना सोमनी पुलिस की जांच जारी है।

### जोंधरा में उल्टी-दस्त फैलने से ग्रामीण परेशान



छुरिया, 24 मई। छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत जोंधरा मे पिछले दो दिनों से डायरिया व उल्टी दस्त होने की जानकारी मिलते ही छुरिया जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों व संक्रमित व्यक्तियों से मुलाकात की डाक्टरों ने 35 व्यक्तियों की संक्रमित होने की जानकारी देते हुए बताया कि सभी मरीज सामान्य व खतरे से बाहर है,कुछ मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव भर्ती कराने की भी जानकारी दी है । स्वास्थ्य विभाग की टीम डायरिया व दस्त के कारणों का पता करने की कोशिश की जा रही डाक्टरों और ग्रामीणों ने वार्ड नं 8 में लगे बोर के पानी खराब होने की आशंका जाहिर कि जिसके चलते लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पानी परीक्षण के लिए राजनांदगांव लैब भेज दिया गया है। ग्राम पंचायत के सरपंच,सचिव ने तत्परता दिखाते हुए बिगड़ते हालात को देख इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग दी थी जिसके कारण जल्द बीमारी पर काबू पा लिया गया है। इस अवसर पर प्रशांत ठाकुर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया,राजेश्वर ध्रुवे प्राधिकृत अधिकारी सेवा सहकारी समिति छुरिया,नैमसिंह पटेल अध्यक्ष जिला पटेल समाज, डॉ. उमेस भगत,रोशन मंडलोई आर एम ए,बलिराम केराम सचिव सहित स्वास्थ्य विभाग के टीम मौजूद रहे।

### 26 मई को वार्ड नं. 37,38,39,40 व 48 के लिये दिग्विजय कालेज में समाधान शिविर

राजनांदगांव 24 मई। शासन की पहल पर आम जनता को शासन की योजनाओं का लाभ देने उनसे संवाद स्थापित करने तथा उनकी समस्याओ का निराकरण करने एक माह से सुशासन तिहार 2025 का पूरे प्रदेश में आयोजन हो रहा है। सुशासन तिहार के अंतिम चरण में समस्याओं का निराकरण बताने समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी कडी में नगर निगम द्वारा भी वार्डो में 5 मई से 31 मई 2025 तक प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक समाधान शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में नगर निगम के अलावा अन्य शासकीय विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रह कर आमजनों को उनकी समस्या का समाधान बताकर उन्हें राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, ड्राईविंग लायसेंस का वितरण कर अन्य शासकीय योजना का लाभ दे रहे है।

# जवानों के बुलंद हौसलों से मिटेगा नक्सलवाद का कलंक : सीएम साय

- मुख्यमंत्री साय ने बासिंग स्थित बीएसएफ कैम्प पहुंचकर की जवानों की हौसला आफजाई
- 21 मई को माओवादियों के साथ मुठभेड़ में मिली ऐतिहासिक कामयाबी पर जवानों को दी बधाई



रायपुर, 24 मई। मुख्यमंत्री साय ने बासिंग स्थित बीएसएफ कैम्प पहुंचकर की जवानों की हौसला अफजाई। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि हमारे जवानों का हौसला दुर्गम पहाड़ों से भी ऊंचा है। नक्सलवाद के विरूद्ध निर्णायक लड़ाई में हमारे जवानों ने अदभुत, साहस, शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया है। जवानों के बुलंद हौसलों से अब वह दिन दूर नहीं जब बस्तर से नक्सलवाद का नामोनिशान मिट जाएगा।

मुख्यमंत्री साय आज ओरछा ब्लॉक के ग्राम बासिंग स्थित बीएसएफ कैम्प पहुंचे, जहां पर उन्होंने 21 मई को डीआरजी-बीएसएफ और जिला बल के द्वारा माओवादियों के विरूद्ध नारायणपुर, दंतेवाड़ा और बीजापुर की सरहदी पहाड़ियों में चलाए गए नक्सल विरोधी ऑपरेशन में 27 नक्सलियों को मार गिराने वाले जवानों की हौसला-अफजाई की। उन्होंने बासिंग कैम्प में जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि यह माओवाद के विरूद्ध अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है जिसमें सुरक्षा बलों ने हार्डकोर माओवादी बसवा राजू सहित 27 नक्सलियों को मार गिराया है। मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा और वन मंत्री श्री केदार कश्यप, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह भी बासिंग पहुंचे। मुख्यमंत्री ने जवानों की हौसला अफ़ज़ाई करते हुए तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया। उन्होंने जवानों से कहा कि बस्तर में अमन और शांति लाने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा बल के जवानों को 50 मोटर बाइक पर हरी झंडी दिखाकर गस्त करने के लिए रवाना किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने जवानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सुरक्षा बलों ने जिस तरह उच्च स्तरीय रणनीति बनाकर ऑपरेशन को अंजाम दिया और कामयाबी हासिल की वह काबिले-तारीफ है। फोर्स के इस अदम्य साहस और शौर्य को नमन है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब बस्तर के माथे से माओवाद का कलंक पूरी तरह से मिट जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक देश से नक्सल समस्या को समूल समाप्त करने का संकल्प लिया है, वह पूरा होता नजर आ रहा है।

## मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रेमनारायण वर्मा अनशन पर बैठे, आयुक्त ने मांगों पर की चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजनांदगांव 24 मई। नगर निगम राजनांदगांव के कर्मचारियो को समय पर वेतन, भविष्य निधि की राशि नियमित जमा करने के अलावा आम जनता को समुचित पेयजल, साफ सफाई एवं अन्य मूलभूत समस्या को लेकर छत्तीसगढ मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री प्रेमनारायण वर्मा अपने साथियों के साथ अनशन पर बैठे थे, जिनसे आज नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने उनकी मागों पर चर्चा की। चर्चा उपरांत श्री वर्मा का अनशन समाप्त हुआ।

उल्लेखनीय है कि श्री प्रेमनारायण वर्मा अपने साथियो के साथ निगम कर्मचारियो के वेतन, भविष्य निधि, सेवानिवृत्त कर्मचारियो का राशि भुगतान के अलावा शहर में समुचित साफ सफाई, दवा छिडकाव, कुँआ सफाई सहित अन्य मूलभूत समस्याओ को लेकर अनशन पर बैठे थे। अनशन पर बैठे श्री वर्मा सहित जल विभाग के कर्मचारी से कल शाम महापौर श्री मधुसूदन यादव ने निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा के साथ जाकर हडताल के संबंध में चर्चा किए। उन्होंने कहा कि पूर्व में सभी विषयों में चर्चा हुई थी, कुँआ सफाई के लिए निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो गयी है, एक सप्ताह के अंदर सफाई चालू हो जायेगी। साफ सफाई के संबंध में प्रतिदिन मानिटरिंग कर दिशा निर्देश दिया जा रहा है। सभी विषयों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। आज निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा, तहसीलदार श्री मनीष वर्मा एवं अधिकारियों के साथ अनशन स्थल पहुच उनसे चर्चा किये। चर्चा उपरांत आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि सभी कर्मचारियों का अप्रैल तक नियमित वेतन दिया जा रहा है, अधिकारियों का वेतन देना प्रक्रियाधीन है। इसी प्रकार प्लेसमेंट कर्मचारियों का लंबित वेतन भी दिया जा रहा है, जिसकी अवधि में कमी हुई है।

### हत्या के प्रयास का फरार आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव, 24 मई। प्रार्थिया/आहत कुसन बाई निषाद पति कौशल निषाद उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम रामपुर थाना लालबाग की रिपोर्ट दिनांक 22.05.25 को दामाद शंकरलाल निषाद अपने तीनो बच्चों के साथ प्रार्थिया के घर आया और शाम लगभग 07:00 बजे घर बरबाद कर दिये हो कहते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये अपने पास रखे धारदार चाकू से प्रार्थिया पर प्राणघातक हमला कर पेट, दाहिने हाथ, माथे पर चाकू से चोट पहुंचाया चिल्लाने पर प्रार्थिया का पति आकर बीच बचाव किया तब आरोपी अपने तीनो बच्चो के साथ वहां से भाग गया। प्रार्थिया/आहत को इलाज हेतु मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराये है। की रिपोर्ट पर थाना लालबाग में आरोपी के विरूद्ध अपराध क्र0-239/25 धारा 109(1), 351(3) बी.एन.एस. कायम कर विवेचना में लिया गया।

## एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टापेज के लिए सांसद को सौंपा ज्ञापन

डोंगरगढ़, 24 मई। मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के सदस्यों ने डोंगरगढ़ में प्रमुख ट्रेनों के स्टापेज व जबलपुर मार्ग से आने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए जबलपुर से डोंगरगढ़ तक सीधी ट्रेन चलाए जाने की माँग को लेकर सांसद संतोष पांडे को ज्ञापन सौंपते बताया गया है कि देवी के मंदिर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में एवं नवरात्र पर्व में लाखों की संख्या में दर्शनार्थी रेल्वे के माध्यम से आते हैं और आवागमन का प्रमुख साधन भी रेल्वे ही है, इसी तारतम्य में ट्रस्ट समिति द्वारा निवेदन किया गया है कि, रेल्वे प्रशासन द्वारा नवरात्रि पर्व के दौरान जो भी स्पेशल ट्रेनें /पैसेन्जर ट्रेनें चलाने के साथ ही सुपर फास्ट ट्रेनों का भी स्टॉपेज दिया जाता है उन ट्रेनों का नियमित ठहराव ( स्टापेज) डोंगरगढ़ में दिया जाए. जिसमें प्रमुख रूप से भगत की कोठी बिकानेर एक्स.चेन्नई एक्स. बिलासपुर-पुणे एक्स सहित रायपुर - सिकन्दराबाद एक्स शामिल है. वही श्री पांडे से चर्चा करते बताया गया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रमुख धार्मिक स्थल के रुप में डोंगरगढ़ पुरे प्रदेश तथा देश में विख्यात है, जहां माँ बम्लेश्वरी देवी अनादि काल से पहाड़ के ऊपर विराजमान है, डोंगरगढ़ में प्रतिमाह 2 से 3 लाख दर्शनार्थी अपने अपने साधनों से डोंगरगढ़ पहुंचते है। देश के प्रधान मंत्री की महत्वकांक्षी योजना ÷प्रसाद योजना÷ के अंतर्गत डोंगरगढ़ को चयनित किया गया है, जिसे धार्मिक पर्यटन के रुप में विकसित किया जा रहा है, डोंगरगढ़ मुम्बई हावड़ा मेन लाईन (रायपुर एवं नागपुर के मध्य) में स्थित है।

## जनपद सदस्य सरिता साहू ने किया कार्यों का निरीक्षण



राजनांदगाँव, 24 मई। डोंगरगाँव जनपद पंचायत की सदस्य श्रीमती सरिता साहू ने अपने क्षेत्र के ग्राम आरगाँव पहुंचकर महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत चल रहे कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया । इस दौरान जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू भी साथ रहे । इन्होंने मनरेगा के श्रमिकों सहित ग्राम पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से ग्राम विकास व समस्याओं के बारे में चर्चा की । अपने नेता -नेत्री को अचानक अपने बीच पाकर ग्रामवासी गद्गद हो गये।

## लोकेश कुमार सेन ने मधु श्रीवास को इलाज कराने में सहयोग प्रदान किया

- अब तक 42 बार कर चुके हैं रक्तदान, किसी को भी ब्लड की जरूरत होने पर कर सकते हैं संपर्क

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजनांदगांव, 24 मई। जिला सर्व नाई सेन समाज के जिला, साचित लोकेश कुमार सेन ने हमारे समाज के मधु श्रीवास ने अपोलो दीक्षित हास्पीटल में भर्ती हुआ था जिसमे मधु श्रीवास के पास ईलाज के लिए पैसा नहीं था फिर भी उन्होंने जाकर अपना इलाज करवा लिया और सरकार के द्वारा आयुस्मान कार्ड लागू किया गया है जिसमे कैंसर के इलाज के लिए मात्र 26 हजार रुपये पैकेज बनाया गया है। और उसके उपरांत मधु श्रीवास को लगभग 1 लाख रु का बिल बना कर दे दिया गया फिर मधु श्रीवास के पुत्र और उनके दामांद तोषण श्रीवास कोहका निवासी ने डोंगरगांव ब्लाक अध्यक्ष प्रवीण कौशिक गोंडरी और राजनांदगांव ब्लाक अध्यक्ष अनिल कौशिक से सम्पर्क किया फिर प्रवीण. कौशिक ने कहा कि आप हमारे जिला सचिव लोकेश कुमार सेन से सम्पर्क करने का जानकारी दिया और जिला सचिव लोकेश कुमार सेन ग्राम से सम्पर्क कि?या उसके बाद तोषन श्रीवास ग्राम जंगलेसर निवासी बहुत तोषण श्रीवास ने सचिव जी को पूरे विस्तार से बताया और बताने के बाद लोकेश कुमार सेन ने हास्पीटल पहुंचा और डाक्टर से और मैनेजर से बात चीत कर उनके इलाज का एक लाख रु. छुट कराकर मरीज को घर वापस जाने का परर्ची बना कर दिया गया और लोकेश कुमार सेन् ने मुख्यमंत्री स्वस्थ्य सहायता कोष से मधु श्रीवास को इलाज कराने में सहयोग प्रदान किया गया और इस सहयोग के लिए प्रवीण कौशिक, एवं अनिल कौशिक के द्वारा लोकेश कुमार सेन का हार्दिक बधाई एवं हार्दिक स्वागत जिलाअध्यक्ष - शेषनारायन शांडिल्य जी, सुरगी- सोमनी ब्लाक अध्यक्ष - नोहर लाल कौशिक जी एवं प्रेमलाल सेन मीडिया प्रभारी एवं समस्त समाजिक बंधुओ के समक्ष लोकेश कुमार सेन को बधाई दिया गया।

इसी प्रकार से अभी तक के भाई लोकेश सेन रक्तवीर ने 42 बार रक्तदान कर चुके हैं...किसी को भी ब्लड की जरूरत हो तो कभी भी इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

# भोलापुर में सुशासन तिहार, समाधान शिविर सफलतापूर्वक संपन्न

- इस शिविर का उद्देश्य प्रथम चरण के विभागीय मांगों एवं शिकायत पत्रों का समाधान करना था

छुरिया, 24 मई। जनपद पंचायत छुरिया अन्तर्गत ग्राम पंचायत भोलापुर में दिनांक 23 मई 2025 को सुशासन तिहार -2025 के अंतर्गत क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर का उद्देश्य सुशासन तिहार के प्रथम चरण दिनांक 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक प्राप्त विभागीय मांगों एवं शिकायतों का त्वरित, प्रभावी एवं पारदर्शी निराकरण करना था। समाधान शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, खाद्य, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाज कल्याण, विद्युत, वन, श्रम, पशुपालन, क्राश्च, परिवहन, सहित कुल 28 विभागों ने सहभागिता की। इन विभागों को कुल 3909आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 3880मांगों एवं 29 शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण किया गया।

शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रत्येक मांग /समस्या सम्बंधित आवेदनों का समाधान शिविर स्थल पर उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष किया गया एवं सभी निराकरणों की सार्वजनिक वाचन के माध्यम से जानकारी दी गई, जिससे पारदर्शिता बनी रही। ग्रामीणों ने समाधान की प्रक्रिया में भाग लेकर अपनी संतुष्टि व्यक्त की।कार्यक्रम के दौरान शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास पूर्णता पर अभिनंदन प्रमाण पत्र, नवीन राशन कार्ड, परिवहन विभाग द्वारा ड्राविंग लाइसेंस, श्रम कार्ड, नवीन जाबकार्ड, , मछली पालन विभाग द्वारा मछली जाल, कृषि विभाग द्वारा बीज,श्रमकार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति पत्र तथा दिव्यांग हितग्राहियों को ई-ट्राईसाइकल का वितरण किया गया।महिला बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई व अन्न प्रसान भी किया गया।

इस अवसर पर समाधान शिविर में श्री कोमल सिंह राजपूत, अध्यक्ष भाजपा राजनांदगाव,जिला पंचायत अध्यक्ष मान.श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव, जनपद पंचायत अध्यक्ष मान.श्री संजय सिन्हा, मान. श्री प्रशांत ठाकुर,उपाध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया,जिला पंचायत सदस्य, मान. श्रीमती बिरम मंडावी,मान. श्रीमती भेष बाई साहू,मान. श्रीमती उतरा निषाद, मान. श्री चंद्रप्रकाश मोटघरे,मान. श्रीमती भान बाई मंडावी,मान.श्रीमती हेमीन साहू,मान. श्री उभेराम मंडावी एवं मान. श्रीमती सुनीता सेवता,सदस्य जनपद पंचायत छुरिया तथा सम्मिलित ग्राम पंचायतों समस्त सरपंच, पंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।प्रशासनिक स्तर तहसीलदार छुरिया श्री विजय कोठरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया श्री होरीलाल साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे, जिनकी सक्रिय भागीदारी ने इस आयोजन को सफल और प्रभावी बनाया। समाधान शिविर सुशासन, जवाबदेही और पारदर्शी प्रशासन का सशक्त उदाहरण बना, जिससे ग्रामीणों का शासन और प्रशासन पर विश्वास और भी मजबूत हुआ।

### सुशासन तिहार अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मुरमुंदा में समाधान शिविर का आयोजन

राजनांदगांव 24 मई। राज्य शासन की मंशा के अनुसार डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मुरमुंदा में 12 ग्राम पंचायतों के लिए सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण साहू, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे समाधान शिविर में शामिल हुए। ग्राम मुरमुंदा कलस्टर में ग्राम पंचायत मुरमुंदा, रेंगाकठेरा, मुंदगांव, डुण्डेरा, खलारी, मुडपार, रांका, कुर्रूभाठ, पिपरिया, भण्डारपुर, गाजमर्रा, जामरी से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए संयुक्त रूप से समाधान शिविर आयोजित किया गया।

## समाचार संक्षेप

### बैरन बाजार स्थित स्कूल में युवाओं ने ध्यान संवाद का आयोजन किया



रायपुर, 24 मई। वरिष्ठ संन्यासी आचार्य रितेशवरानंद अवधुत नें युवाओं के ध्यान के फायदों के बारे में चर्चा की . उन्होंने बताया कि जीवन के महत्वपूर्ण उद्देश्य में अध्यात्मिक अनुभूति का स्थान है . इसकी प्राप्ति भक्ति से होती है और ध्यान की विधियों से इसकी उपलब्धी सहज रूप से होती है। सत्र को संबोधित करते हुए डॉ सत्यजीत साहू ने ध्यान के वैज्ञानिक दृष्टिकोण और जरूरी कांसेप्ट को स्पष्ट किया. डॉ साहू नें बताया कि ध्यान से मस्तिष्क के अंदर परिवर्तन होता है जिससे इसकी शक्तियों का विकास होता है. सत्र का संचालन गुलशन मानसरोवर और डॉ दीपाली में किया. प्रतिभागियों में अमित शर्मा, राशी शर्मा, सत्यप्रकाश, दिव्यांशी , प्रतिक , ऐश्वर्या , विक्रम , भावी , कांती, हर्ष उपस्थित रहे।

### नगर पंचायत नगरी के समाधान शिविर में 1308 आवेदनों का निराकरण



नगरी, 24 मई। नगर पंचायत नगरी में सुशासन तिहार के तृतीय चरण अंतर्गत शासकीय श्रृंगी ऋषि अंग्रेजी माध्यम स्कूल के प्रांगण में 22 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया गया, इस शिविर में अनुविभागीय अधिकारी नगरी मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत एवं समस्त शासकीय विभाग प्रमुख शामिल हुए, सुशासन तिहार में प्राप्त 2983 आवेदन में से 1308 आवेदन नगर पंचायत से संबंधित था, इसमें 12 आवेदन राशन कार्ड से संबंधित था आवेदन का निराकरण करते हुए 12 आवेदक को शिविर स्थल पर ही राशन कार्ड प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 24 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया साथ ही पांच आवेदक का नाम डीपीआर में शामिल करके स्वीकृती के लिए शासन को भेजा गया एवं 2 हितग्राहियों को किस्त भुगतान किया गया, विभिन्न पेंशन योजना अंतर्गत 28 हितग्राहियों का आवेदन स्वीकृत करते हुए सूची में सम्मिलित किया गया है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाएं द्वारा रेडी टू ईट से विभिन्न प्रकार की मिष्ठान तैयार किए, वहीं चार कुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार के रूप में खाद्य सामग्री प्रदान की गई,विद्युत विभाग को पांच आवेदन मिले जिसे विद्युत विभाग के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पांचों आवेदनो का निराकरण किया जिसमें वार्ड क्रमांक 8 में विद्युत तार हटाना व क्रमांक 10 में नवीन विद्युत पोल लगाने जैसे कार्य किए गए। शिविर स्थल पर विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम पूर्व विधायक श्रवण मरकाम नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा,भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, विकल गुप्ता, नागेंद्र शुक्ला, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, पार्षद गण राजा पवार देव चरण धूव मिकी गुप्ता नरेश पटेल विनीता कोठारी चेलेशवरी साहू जयंती टूकेश्वरी साहू अलका साव अश्वनी निषाद अंबिका ध्रुव असकरण पटेल शंकर देव हरीश साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा नगर पंचायत की कर्मचारी समस्त विकासखंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### कर्मचारियों को मिला पहचान-पत्र, पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में अहम पहल



- अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी की अगुवाई में उठाया गया कदम, स्थानीय नागरिकों ने किया स्वागत

डोंगरगांव, 24 मई। नगर पंचायत डोंगरगांव में प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की गई। अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी के निर्देश पर सभी नियमित एवं संविदा कर्मचारियों को आधिकारिक परिचय पत्र आईडी कार्ड वितरित किए गए। इस अवसर पर आयोजित संक्षिप्त समारोह में अध्यक्ष ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक कर्मचारी कार्य समय में आईडी कार्ड पहनना अनिवार्य करेगा। अध्यक्ष त्रिपाठी ने कहा इस व्यवस्था से आम नागरिकों को नगर पंचायत कर्मचारियों की पहचान करने में सुविधा होगी और कार्य प्रणाली में पारदर्शिता आएगी। परिचय-पत्र व्यवस्था से शिकायतों की निगरानी, जवाबदेही तय करने और कार्य-संस्कृति में सुधार की दिशा में उल्लेखनीय मदद मिलेगी। अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी पूर्व में भी स्वच्छता, जल आपूर्ति और अतिक्रमण विरोधी अभियानों में सक्रिय भागीदारी के चलते चर्चाओं में रही हैं। परिचय पत्र वितरण की यह पहल उनके जनउत्तरदायी और सक्रिय नेतृत्व की एक और मिसाल मानी जा रही है। नगर के एक निवासी ने इस कदम की प्रशंसा करते हुए कहा अब हमें स्पष्ट जानकारी रहेगी कि हमारे क्षेत्र में कौन कर्मचारी कार्यरत है। किसी समस्या के दौरान संबंधित व्यक्ति से सीधे संपर्क करना आसान हो जाएगा। यह पहल न केवल पारदर्शी प्रशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि जनता और नगर पंचायत के बीच विश्वास को मजबूत करने की दिशा में भी एक प्रभावी प्रयास मानी जा रही है।

### गैंदाटोला का भाजपा नेता खाद की कालाबाजारी में संलिप्त

डोंगरगांव, 24 मई। जहां किसान खाद की कमी को लेकर बहुत चिंतित है और हाहाकार मचा हुआ है वहीं सत्ता सरकार और पैसों के दम पर खाद की कालाबाजारी में भाजपा नेता खाद का स्टाक बना कर पैसे कमाने में लगा है। ये कालाबाजारी करने वाला और कोई नहीं गैदाटोला का भाजपा नेता है। जैसा कि शासन प्रशासन के अधिकारियों ने स्कूल एक कमरे में डंप कर रखी गई 560 बोरी यूरिया खाद को जप्त किया और यह खाद गैंदाटोला का एक व्यापारी भाजपा नेता का होना पाया गया है। अब प्रश्न यह उठता है कि ये 560 बोरी भाजपा नेता की है तो उसने इस खाद को स्कूल के एक कमरे में स्टाक करके कैसे रखा। क्या स्कूल का कमरा किराये से दिया गया था या सत्ता सरकार और शाला समिति का अध्यक्ष होने के भौकाल को लेकर स्कूल के एक कमरे को खाद गोदाम बना दिया गया था। इसमें शाला प्रबंधन समिति और प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाना चाहिये कि किस आधार और किस अनुमति के आधार पर स्कूल के एक कमरे को खाद गोदाम बनाने के लिये दिया गया।

## संपादकीय

# क्यों राहुल गांधी मोहग्रस्त अर्जुन बने हुए हैं

देश की राजनीति हो, आसपास के देशों की राजनीति हो या विश्व राजनीति हो,हमेशा दो पक्ष होते हैं, शत्रु पक्ष व मित्र पक्ष, पक्ष व विपक्ष, अपना व पराया, प्रशंसक व आलोचक, सहयोगी व विरोधी। आसपास के देशों की अपनी राजनीति होती है,उनके अपने हित होते है।वह विश्व राजनीति में बड़े देशों में किसी एक के पक्ष में होते हैं। भारत के पड़ोस में पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश,म्यांमार,अफगानिस्तान हैं। इनमें से कोई भारत का मित्र देश है,सहयोगी,प्रशंसक है,अपना है। तो कोई शत्रु भी है, विरोधी है, आलोचक है, पराया है।भारत तो अपने पड़ोसी देशों से अच्छे संबंध हमेशा चाहता रहा है,संकट के समय उनकी मदद भी करता रहा है, लेकिन चीन व अमरीका के चक्कर में कभी नेपाल,कभी बांग्लादेश,कभी श्रींलंका के नेता भारत विरोधी हो जाते हैं। जहां तक पाकिस्तान का सवाल हो तो उसका निर्माण ही भारत के स्थायी शत्रु के रूप में किया गया।करने वाला कौन था, मोहम्मद जिन्ना। वह भारत का पीएम बनना चाहता था। महात्मा गांधी व पं.नेहरू के रहते वह बन नहीं सकता था।भारत का धर्म के आधार पर विभाजन होने पर ही वह अलग हुए पाकिस्तान का पीएम बन सकता था।इसलिए उसने मुसलमानों के बीच अलगाव के बीज बोए। इस देश के हिंदू अलग है और मुसलमान अलग हैं। दोनों एक साथ नहीं रह सकते. दोनों के देश अलग अलग होने चाहिए।अंग्रेज भी चाहते थे कि भारत विश्व का एक बड़ा देश न रहे इसलिए अखंड भारत के कई टुकड़े कर कई देश बना दिए गए। पाकिस्तान भी एक ऐसा ही देश है, जो कभी भारत का हिस्सा रहा है।उसके आचार-विचार व संस्कार वक्त के साथ बदलते चले गए और कभी जिन्ना,कभी याहया खां, जिया उल हक,मुशर्रफ परवेज जैसे नेताओं ने पाकिस्तान को भारत का स्थायी शत्रु देश बना दिया। रही सही कसर अमरीका व चीन ने पूरी कर दी। जैसे पाकिस्तान के कई नेता ही नहीं चाहते थे कि भारत व पाकिस्तान के संबंध अच्छे रहें, वैसे अमरीका व चीन भी नहीं चाहते हैं कि भारत व पाकिस्तान के संबंध अच्छे न रहे।संबंध अच्छे न रहे इसके लिए जरूरी था कि भारत के साथ पांच दस साल में युध्द होता रहे, युध्द न हो तो आतंकवादियों को भारत भेजकर बम विस्फोट कराते रहा जाए।ऐसा अब तक चला आ रहा है।इसलिए भारत के चाहने पर भी पाकिस्तान से संबंध कभी अच्छे रहे नहीं। भारत से पाकिस्तान के अलग होने, भारत के आजाद होने के बाद हमारे देश के नेताओं ने पाकिस्तान को अपना ही हिस्सा मानकर उसके साथ अक्सर बड़ी उदारता से पेश आए।उसने शत्रु भाव से कश्मीर के एक हिस्से पर कब्जा कर लिया।भारत ने वापस लेने की कोशिश नहीं की।भारत के साथ पाकिस्तान ने कई युध्द लड़े,पाकिस्तान के युध्द हारने पर भी भारत ने पाकिस्तान की जीती हुई जमीन व ९३०००सैनिकों को वापस कर दिया। पाकिस्तान से पीओके वापस भी नहीं मांगा।पाकिस्तान हमेशा भारत से शत्रु भाव से पेश आया लेकिन भारत २०१४ तक उसके साथ उदारता से पेश आता रहा।अपना समझता रहा।भारत की उदारता व अपनेपन को वह कमजोरी समझता रहा, वह समझता रहा कि पाकिस्तान से भारत डरता है। इसलिए वह कुछ नहीं करता है। कभी उसके पीछे अमरीका तो कभी चीन अपने मतलब से उसके पीछे खड़े रहे और वह समझता रहा कि जब तक चीन व अमरीका उसके साथ हैं,भारत कभी पाकिस्तान पर किसी तरह का हमला नहीं कर सकता। उसकी यह धारणा २०१४ तक सही साबित रही। भारत ने कभी पहले से पाकिस्तान पर हमला नहीं किया। आतंकवादियों के बड़े से बड़े हमले के बाद भी भारत ने कुछ नहीं किया।इसकी वजह यह भी थी कि हमारे देश के नेता पाकिस्तान डराता था और वह डरते थे। इसके अलावा उनमें एक डर यह भी था कि हम पाकिस्तान के खिलाफ कुछ भी करेंगे तो देश का मुसलमान नाराज हो जाएगा और कांग्रेस को वोट नहीं देगा तो कांग्रेस चुनाव हार जाएगी। २०१४ तक तो पाकिस्तान हमारा शत्रु था, वह भारत के साथ हमेशा शत्रु भाव से ही पेश आता रहा। हमारे नेता २०१४ तक महाभारत युध्द शुरू होने के पहले अर्जुन जिस मनःस्थिति में था। उसी मनःस्थिति रहे। पाकिस्तान तो हमारा अपना हिस्सा है, वहां के लोग तो हमारे अपने है,हम उनको कैसे तकलीफ दे सकते हैं। इसी मानसिकता के कारण भारत का पानी भी हमारे अर्जुन जैसी मानसिकता रखने वाले नेताओं ने पाकिस्तान को दे दिया था।पाकिस्तान तो हमेशा भारत से दुर्योधन की तरह पेश आता रहा और भारत के नेता अर्जुन की तरह अपने हैं के मोह में फंसे रहे और देश के लोगों को भी अपने जैसा बना दिया। पाकिस्तान बनने व आजादी के बाद देश को अर्जुन जैसे नेताओं की जरूरत नहीं थी, कृष्ण जैसे नेताओं की जरूरत थी कि जो बता सके कि देश को,समझा सके देश को कि पाकिस्तान जो कर रहा है, शत्रुभाव से कर रहा है, अधर्म कर रहा है, अन्याय कर रहा है।जब भी संसार में व्यक्ति हो,परिवार हो,देश हो धर्म के लिए युध्द के समय अर्जुन की तरह मोहग्रस्त हो जाता है तो ऐसे समय में धर्म अधर्म क्या है, बताने के लिए, समझाने के लिए श्रीकृष्ण का जन्म होता है।२०१४ के बाद देश में पहली बार पीएम मोदी के रूप में श्रीकृष्ण जैसे नेता का आगमन देश की राजनीति में हुआ। देश की परंपरागत की राजनीति,विदेश नीति को कोई एकदम से तो बदल नहीं सकता है, इसलिए पीएम मोदी ने शुरू शुरू में पाक्तिान व चीन जैसे शत्रु देशों से अच्छे संबंध बनाने की कोशिश की। उन्हे जल्द समझ आ गया कि यह दोनों देश शत्रु है, वह मित्र नहीं बन सकते, इन्हे शत्रु समझना और वैसा ही आचरण करना उचित है। पीएम मोदी देश के पहले ऐसे नेता है जो पाकिस्तान जैसे देश को शत्रुभाव से देखते हैं और देश के लोगो में पाकिस्तान के प्रति शत्रु भाव का बोध गहरा किया है।पाकिस्तान ने २०१४ के बाद बालाकोट व पुलवामा में दो बड़ी आतंकवादी घटनाएं होने पर पीएम मोदी ने पाकिस्तान पर सर्जिकल व एयर स्ट्राइक कर पहली बार संदेश दिया कि भारत बदल गया है, भारत अब अर्जुन नहीं रहा, वह श्रीकृष्ण हो गया है। वह अधर्म करने वाले को शत्रु मानता है और उसके साथ वैसा ही व्यवहार करता है।यह भी सुधरने का एक मौका था। पाकिस्तान दुर्योधन की तरह सुधरने वाला तो नहीं था, उसने फिर पहलगाम में और बड़ी गलती की तो पीएम मोदी ने उसे जैसी बड़ी गलती की वैसी ही सजा देने को कहा और १५ दिन तैयारी कर पाकिस्तान में स्थित आतंकियों के नौ ठिकानों पर हमला और १०० आतंकियों का मार दिया।ऐसा करके भारत ने बड़ा कुटनीतिक दांव चल दिया कि हमारे दुश्मन तो आतंकवादी है, हमने हमला अपने दुश्मनों पर किया है, पाकिस्तान पर नहीं किया है। इसके बाद भी पाकिस्तान यदि भारत पर हमला करता तो वह भारत पर हमला करने वाला माना जाता और भारत को जवाबी कार्रवाई करने की पूरी छूट होती। कोई भारत पर आरोप नहीं लगा पाता कि भारत ने पहले पाकिस्तान पर हमला किया. पाकिस्तान ने भारत पर तीन दिन हमला किया तो भारत ने तीन दिन जवाबी कार्रवाई कर पाकिस्तान सहित उसके पीछे खड़े देशों को समझा दिया कि भारत पकिस्तान से नहीं डरता है, पाकिस्तान के परमाणु हथियारों ने नहीं डरता, भारत पाक पर हमला कर सकता है और बहुत नुकसान पहुंचा सकता है, पाकिस्तान के सारे शहर भारत के निशाने पर और भारत पाकिस्तान की सीमा में घुसे बगैर सबको बरबाद कर सकता है। पाकिस्तान के पास जो भी चीनी व अमरीकी हथियार थे, उससे भारत को कोई नुकसान नहीं हु। वह बेकार साबित हुए। सबसे बड़ी बात कांग्रेस ने जो धारणा देश में आजादी के बाद से बना रखी थी,पाकिस्तान पर हमला करने या जबावी कार्रवाई से देश के मुसलमान नाराज हो जाएंगे,ऐसा कुछ नहीं हुआ। पहली बार देश के मुसलमानों ने पहलगाम की घटना के लिए आंतंकियो के साथ ही पाकिस्तान की लानत मलामत की है और सब पाकिस्तान में आतंकियों पर कार्रवाई के मामले में मोदी सरकार के साथ खड़े रहे। असदुद्दीन ओवैशी जैसा कट्टर मुसलमान नेता विदेश जाकर पाकिस्तान व आतंकवाद की पोल खोल रहे हैं और राहुल गांधी पूछ रहे हैं कि भारत के कितने विमान गिराए गए।झूठ कह रहे हैं कि भारत ने अमरीका दवाब में युध्द विराम किया। झूठ कह रहे हैं कि विदेशमंत्री ने पाकिस्तान पर कार्रवाई के पहले बता दिया कि भारत कार्रवाई करने वाला है। पहलगाम की घटना के बाद पूर देश बदल गया है,श्रीकृष्ण हो गया है,धर्म अधर्म को समझ रहा है, हैरानी है कि क्यों राहुल गांधी मोहग्रस्त अर्जुन बने हुए हैं।

मुद्दा

# ऑपरेशन सिंदूर - राजनीतिक विरोध के लिए देशहित की अनदेखी अनुचित

मनोज कुमार अग्रवाल



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की क्रूर एवं बर्बर आतंकी घटना के बाद भारत की तरफ से जब ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया गया, तो सभी पार्टियों ने राजनीतिक हितों से ऊपर उठकर एकजुटता दिखायी और केंद्र सरकार के साथ खड़ी होने की प्रतिबद्धता व्यक्त की थी। इसको देखकर ऐसा लगा था कि देशहित के मुद्दे पर देश की राजनीति में सकारात्मक परिवर्तन आया है और एक नई राजनीति का उदय हुआ है। मगर काफी दुःखद और दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि ढाक के तीन पात वाली कहावत फिर से दोहरायी जा रही है। देश की राजनीति पुराने ढर्रे पर लौटती दिख रही है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर ऐसी घटिया सियासत शुरू हो गयी है कि सेना के साथ देश का प्रत्येक नागरिक शर्मिंदगी महसूस कर रहा है। अपनी राजनीतिक स्वार्थपूर्ति के लिए भाजपा और कांग्रेस के बीच ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है और दोनों ही पार्टियां आमने सामने आ गयी है। बीजेपी और कांग्रेस दोनों पार्टियों के बीच जबरदस्त पोस्टर वार छिड़ गया है। पाकिस्तान सेना के प्रमुख जनरल आसिम मुनीर और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तस्वीर बीजेपी की ओर से शेयर की गई है। वहीं जवाब में कांग्रेस की ओर से पीएम नरेंद्र मोदी और पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की फोटो शेयर की गई। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कांग्रेस लगातार प्रश्न उठा रही है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी विदेश मंत्री एस जयशंकर की टिप्पणी को आधार बनाकर सवाल दाग रहे हैं तो कई नेता सबूत की तलाश कर रहे हैं। बीजेपी ने मुख्य विपक्षी दल के इस रवैए पर तंज कसा है। असम सरकार के मंत्री अशोक सिंघल के विवादित पोस्ट के बाद पार्टी की मीडिया सेल के प्रभारी अमित मालवीय ने भी कुछ सवाल पूछे हैं। अशोक सिंघल ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने राहुल गांधी की तस्वीर को पाक आर्मी चीफ की तस्वीर के साथ जोड़कर शेयर किया। इस तस्वीर के आधे हिस्से में राहुल गांधी का चेहरा और आधे में पाकिस्तान आर्मी चीफ असीम मुनीर का चेहरा लगाया गया है। अशोक सिंघल ने अपने पोस्ट में लिखा, 'सीमाओं से अलग एजेंडे पर एक।' वहीं, बीजेपी आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने भी सिलसिलेवार तरीके से एक्स पर कुछ पोस्ट डाले। एक कार्टून पोस्ट किया जिसमें पाक जनरल की पीठ पर खड़े होकर एक शख्स सरहद के पार देख गिराए गए रफेल की जानकारी मांग रहा है। इसके साथ ही मालवीय ने एक दूसरी पोस्ट में सिंघल वाली तस्वीर साझा कर लिखा है कि यह आश्चर्य की बात नहीं है कि राहुल गांधी पाकिस्तान और उसके हितैषियों की भाषा बोल रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए बधाई नहीं दी, जो स्पष्ट रूप से भारत के प्रभुत्व को दर्शाता है। इसके बजाय, वे बार-बार पूछते हैं कि हमने कितने जेट खो दिए एक सवाल जिसका जवाब पहले ही डीजीएमओ ब्रीफिंग में दे चुके हैं। पोस्टर वार की जंग में कांग्रेस भी पीछे नहीं है। कांग्रेस के कुछ नेताओं की ओर से पीएम नरेंद्र मोदी और पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की फोटो शेयर की गई। इस मामले को लेकर भी कांग्रेस और बीजेपी के कार्यकर्ताओं के बीच सोशल मीडिया पर तीखी नोंकझोक चल रही है। यह पूरा विवाद उस समय शुरू हुआ, जब राहुल गांधी ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद सरकार से सवाल पूछे थे। उन्होंने यह जानना चाहा कि इस कार्रवाई के दौरान भारत को कितना नुकसान हुआ और क्या पाकिस्तान को ऑपरेशन की जानकारी पहले दी गयी थी। राहुल गांधी के इस बयान पर भाजपा ने उन्हें नई सदी का मीर जाफर तक कह दिया और उन्हें पाकिस्तान के पक्ष में खड़ा होने का आरोप लगाया। दरअसल राहुल गांधी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को हुए संभावित नुकसान को लेकर चिंता जतायी थी। उन्होंने कहा था कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं, जो चिंताजनक और निंदनीय है। गांधी ने पूछा था कि हमने कितने एयरक्राफ्ट खोए ? क्या पाकिस्तान को पहले से हमले की जानकारी देना एक चूक थी या जानबूझकर किया गया फैसला ? उन्होंने इस फैसले को 'गंभीर चूक' नहीं, बल्कि एक 'अपराध' बताया और कहा कि देश को इस पूरे ऑपरेशन की सच्चाई जानने का अधिकार है। भाजपा राहुल को मीर जाफर का दर्जा इसलिए दे रही है, क्योंकि वह एक तरह से गद्दार साबित करना चाहती है। मीर जाफर 1757 में बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला का सेनापति था, जिसने प्लासी की लड़ाई में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी से मिलकर अपने ही नवाब के खिलाफ विश्वासघात किया था। बीजेपी इसी ऐतिहासिक तुलना के माध्यम से राहुल गांधी पर देश विरोधी रुख का आरोप लगा रही है। इधर कांग्रेस भारतीय 'सेना के शौर्य को सलाम' की थीम पर जय हिंद रैलियों, नुक्कड़ सभाओं और प्रेस कॉन्फ्रेंसों का ऐलान पहले ही कर चुकी है। अब पार्टी की ओर से बीजेपी और केंद्र सरकार से 10 बड़े सवालों की फेहरिस्त भी तैयार की गई है, जिसे जनता के बीच ले जाया जाएगा। साफ है कि इन सवालों के माध्यम से कांग्रेस का मकसद केंद्र की एनडीए सरकार को घेरना है। इससे पहले देश की पराक्रमी सेना को लेकर देश के नेताओं के द्वारा लगातार अनर्गल और विवादित बयान दिए जा चुके हैं। मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा सहित कई नेताओं ने विवाद बयान दिया है, इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट में भी मामला चल रहा है। कुछ दलों के नेता यहां भी धर्म और जाति की राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे हैं। वे अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए दो महिला व एक पुरुष सैन्य अधिकारी के धर्म और जाति का जिक्र कर अपनी सियासी रोटियां सेंकने में जुट गए हैं। इसके अलावा दुनिया के महत्वपूर्ण देशों में भारत का पक्ष रखने का मोदी सरकार ने सात प्रतिनिधि मंडल तैयार किया है। इसका लक्ष्य आतंकवाद के खिलाफ भारत की शून्य सहिष्णुता और ऑपरेशन सिंदूर का संदेश दुनिया तक पहुंचना है। मगर इसको लेकर भी सियासी बहस छिड़ी हुई है। देखा जए तो देशहित के मुद्दे पर राजनीतिक कतई सही नहीं कहा जा सकता है। दूसरी बात है कि सेना पूरे देश की होती है। इसलिए उसकी किसी उपलब्धि से दलगत लाभ उठाने की कोशिश हरगिज नहीं होनी चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ सेना के लक्षित हमले को लेकर राजनीतिक नफा-नुकसान का खेल बंद होना चाहिए। आतंक के खिलाफ राष्ट्रीय सहमति के लिहाज से हम सब को एक जुट होकर खड़े होना चाहिए।

## आज का राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए मान व प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाला रहेगा। किसी कानूनी मामले में आपको ध्यान देने की आवश्यकता है। किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति से मिलकर आपकी कुछ समस्याएं आसानी से हल होंगी। आप जीवनसाथी को लेकर कहीं शॉपिंग कर जा सकते हैं। आपको बिजनेस में धन संबंधित योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। आपके सहयोगी कामों में पूरा साथ देंगे।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। विद्यार्थी अपने ज्ञान को बढ़ाने की कोशिश में लगे रहेंगे। आपको जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने के कारण समस्या हो सकती है। नौकरी में कुछ उतार चढ़ाव रहने के कारण समस्या आएंगी। आपका डुबा हुआ धन मिलने से खुशी होगी। भाई व बहनों से रिश्तो में चल रही अनबन दूर होगी और मधुरता बनी रहेगी। आपके सभी कार्य समय से पूरे होंगे, जिससे आपको खुशी होगी।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है। आप अपने भविष्य को लेकर कोई योजना बना सकते हैं। आपको जीवनसाथी की भावनाओं का पूरा सम्मान करना होगा, उनसे किसी बात को लेकर बेवजह न उलझे। आपको अपनी जरूरत की आवश्यकताओं पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। कारोबार में आप भविष्य को लेकर कोई बड़ा प्लान कर सकते हैं।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए मन मुताबिक लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपके मित्र आपके लिए कोई इंवेस्टमेंट संबंधी प्लान लेकर आ सकते हैं। आपको किसी बात को लेकर जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। आपको अत्यधिक तले भुने भोजन से परहेज रखने की आवश्यकता है, नहीं तो आपके पेट संबंधित समस्याएं बढ़ेंगी।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए किसी सामाजिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आप अपने घर की साफ सफाई व रखरखाव पर पूरा ध्यान देंगे। आपको कुछ कर्ज लेने से बचना होगा, नहीं तो उसे उतारने में समस्या आएगी। प्रॉपर्टी में इन्वेस्टमेंट करना आपके लिए अच्छा रहेगा। उच्च अधिकारियों से मिलकर आपके संबंध बेहतर रहेंगे।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर कोई मुश्किल आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए आगे आना होगा। धार्मिक आयोजन में आपको सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपको अपने खर्चों पर पूरा ध्यान देना होगा। बिजनेस में आप किसी को पार्टनर ना बनाए, नहीं तो आपको कामों को पूरा करने में समस्या आएगी। कोई नया प्रोजेक्ट शुरू करना आपके लिए अच्छा रहेगा।

**तुला** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपका कोई कानूनी मामला यदि लंबे समय से अटका हुआ था, तो उसमें आपको जीत मिलेगी। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई लिखाई को लेकर कोई लापरवाही ना दिखाए, नहीं तो आगे चलकर उन्हें अपने करियर में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। आपको अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए योग्य मेडिटेशन का सहारा लेना होगा, तभी आप स्वस्थ रह सकेंगे। मार्केटिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोग अपने कामों पर पूरा ध्यान दें।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको अपने किसी लक्ष्य को आसानी से पूरा करने में मदद मिलेगी। यदि आपका कोई काम धन को लेकर रुका हुआ था, तो वह पूरा हो सकता है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, तभी उन्हें किसी परीक्षा में जीत मिलेगी। आपको किसी पुरस्कार के मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको कोई महत्वपूर्ण काम पूरा हो सकता है। आप बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध करने से बचे।

**धनु** आज आपको अपनी दिनचर्या पर पूरा ध्यान देना होगा। आप कुछ सामाजिक गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे। आपके मन में किसी बात को लेकर टेंशन बनी रहेगी। आपका आत्मविश्वास बेहतर रहेगा। आपकी अपने किसी नजदीकी से कहा सुनी हो सकती है। आपको अपने कार्यक्षेत्र में कर्मचारियों के साथ तालमेल बनकर चलने की आवश्यकता है, तभी आपके काम आसानी से पूरे होंगे। आपका कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आएगा।

**मकर** आज का दिन आपके लिए सुझ बुझ दिखाकर कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपको धैर्य व साहस से काम लेने की आवश्यकता है। यदि आपने जल्दबाजी दिखाई, तो उनमें कोई गड़बड़ी अवश्य होगी। यदि आपको किसी बात को लेकर संशय बना हुआ है, तो आप उसे काम को बिल्कुल न करें, नहीं तो उसके पूरा होने में समस्या हो सकती है। पारिवारिक सदस्यों का सहयोग आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। विद्यार्थियों की किसी नये काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए किसी निर्णय को सोच समझ कर लेने के लिए रहेगा। आपको कुछ अनुभवी व्यक्तियों का पूरा साथ मिलेगा। व्यवसाय में आप किसी नई डील को फाइनल करने के लिए सोच विचार कर सकते हैं। वरिष्ठ सदस्यों की सलाह आपके खूब काम आएगी, जो आपका पारिवारिक बिजनेस को आगे ले जाने में आपकी मदद करेगे।

**मीन** आज का दिन आपके लिए किसी लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आप किसी की मदद के लिए भी आगे आएंगे, जिनके लिए कुछ रुपयों का इंतजाम भी कर सकते हैं। आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आप किसी काम को लेकर अपने मन में नकारात्मक विचार न रखें, नहीं तो उसके पूरा होने में समस्याएं खड़ी हो सकती हैं, क्योंकि आपको लापरवाही में कोई बड़ा प्रोजेक्ट आपके हाथ से निकल सकता है, जो आपकी समस्याओं को बढ़ाएगा।

व्यंग्य

# अरविंद की ब्रह्मांड यात्रा

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

ब्रह्मांड में एक अनोखी घटना घटी। सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर अरविंद को ब्रह्मांड सरकार ने पृथ्वी से मांग कर उन्हें अपनी पुलिस को प्रशिक्षित करने के लिए आमंत्रित किया। अरविंद जी बड़े उत्साहित हुए। उन्होंने सोचा, यह एक सुनहरा अवसर है अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का। वे ब्रह्मांड पहुंचे और उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करना शुरू किया। अरविंद जी ने ब्रह्मांड पुलिस को समझाया कि कैसे अपराधियों को पकड़ना है और उन्हें सजा दिलानी है। उन्होंने बताया कि कैसे एफआईआर में हेरफेर करना है, गवाहों को तोड़ना है, और सबूतों को बदलना है। ब्रह्मांड पुलिस ने बड़े उत्साह से उनकी बातें सुनीं और उन्हें अपना गुरु मान लिया।

ब्रह्मांड पुलिस ने अरविंद जी की बातों को बड़े उत्साह से माना और उनके बताए तरीके से काम करना शुरू कर दिया। देखते ही देखते ब्रह्मांड पर अपराधियों की संख्या बढ़ने लगी और पुलिस की मुस्तैदी भी बढ़ गई। अरविंद जी ने ब्रह्मांड पुलिस को सिखाया कि कैसे अपराधियों को पकड़ना है और उन्हें सजा दिलानी है। उन्होंने बताया कि कैसे एफआईआर में हेरफेर करना है, गवाहों को तोड़ना है, और सबूतों को बदलना है। ब्रह्मांड पुलिस ने बड़े उत्साह से उनकी बातें सुनीं और उन्हें अपना गुरु मान लिया। अरविंद जी की वजह से ब्रह्मांड पुलिस की मुस्तैदी बढ़ गई और अपराधियों की संख्या भी बढ़ने लगी। ब्रह्मांड पर एक नया ट्रेंड शुरू हो गया। लोग एक दूसरे को शक की नजर से देखने लगे। कोई किसी पर भरोसा नहीं करता था। लोग एक दूसरे से डरने लगे। अरविंद जी की वजह से ब्रह्मांड पर एक अनोखी स्थिति पैदा हो गई। लोग एक दूसरे को अपराधी मानने लगे। अरविंद जी ने ब्रह्मांड पुलिस को सिखाया था कि कैसे किसी को भी अपराधी बनाना है। उन्होंने बताया कि कैसे एफआईआर में हेरफेर करना है, गवाहों को तोड़ना है, और सबूतों को बदलना है। ब्रह्मांड पुलिस ने बड़े उत्साह से उनकी बातें सुनीं और उन्हें अपना गुरु मान लिया। अरविंद जी की वजह से ब्रह्मांड पुलिस की मुस्तैदी बढ़ गई और अपराधियों की संख्या भी बढ़ने लगी। ब्रह्मांड पर एक नया ट्रेंड शुरू हो गया। लोग एक दूसरे को शक की नजर से देखने लगे। लोग एक दूसरे से डरने लगे। अरविंद जी की वजह से ब्रह्मांड पर एक अनोखी स्थिति पैदा हो गई। लोग एक दूसरे को अपराधी मानने लगे। अरविंद जी ने ब्रह्मांड पुलिस को सिखाया था कि कैसे किसी को भी अपराधी बनाना है। उन्होंने बताया कि कैसे एफआईआर में हेरफेर करना है, गवाहों को तोड़ना है, और सबूतों को बदलना है। ब्रह्मांड पुलिस ने बड़े उत्साह से उनकी बातें सुनीं और उन्हें अपना गुरु मान लिया। अरविंद जी की वजह से ब्रह्मांड पुलिस की मुस्तैदी बढ़ गई और अपराधियों की संख्या भी बढ़ने लगी। ब्रह्मांड पर एक नया ट्रेंड शुरू हो गया। लोग एक दूसरे को शक की नजर से देखने लगे। लोग एक दूसरे से डरने लगे। अरविंद जी की वजह से ब्रह्मांड पर एक अनोखी स्थिति पैदा हो गई। लोग एक दूसरे को अपराधी मानने लगे। अरविंद जी ने ब्रह्मांड पुलिस को सिखाया था कि कैसे किसी को भी अपराधी बनाना है। उन्होंने बताया कि कैसे एफआईआर में हेरफेर करना है, गवाहों को तोड़ना है, और सबूतों को बदलना है। ब्रह्मांड पुलिस ने बड़े उत्साह से उनकी बातें सुनीं और उन्हें अपना गुरु मान लिया। अरविंद जी की वजह से ब्रह्मांड पुलिस की मुस्तैदी बढ़ गई और अपराधियों की संख्या भी बढ़ने लगी। ब्रह्मांड पर एक नया ट्रेंड शुरू हो गया। लोग एक दूसरे को शक की नजर से देखने लगे। लोग एक दूसरे से डरने लगे। अरविंद जी की वजह से ब्रह्मांड पर एक अनोखी स्थिति पैदा हो गई। लोग एक दूसरे को अपराधी मानने लगे। अरविंद जी ने ब्रह्मांड पुलिस को सिखाया था कि कैसे किसी को भी अपराधी बनाना है। उन्होंने बताया कि कैसे एफआईआर में हेरफेर करना है, गवाहों को तोड़ना है, और सबूतों को बदलना है। ब्रह्मांड पुलिस ने बड़े उत्साह से उनकी बातें सुनीं और उन्हें अपना गुरु मान लिया। अरविंद जी की वजह से ब्रह्मांड पुलिस की मुस्तैदी बढ़ गई और अपराधियों की संख्या भी बढ़ने लगी। ब्रह्मांड पर एक नया ट्रेंड शुरू हो गया। लोग एक दूसरे को शक की नजर से देखने लगे। लोग एक दूसरे से डरने लगे। अरविंद जी की वजह से ब्रह्मांड पर एक अनोखी स्थिति पैदा हो गई। लोग एक दूसरे को अपराधी मानने लगे। आखिरकार, ब्रह्मांड सरकार ने अरविंद जी को वापस पृथ्वी भेजने का फैसला किया। अरविंद जी को जाते देख ब्रह्मांड पुलिस रो पड़ी। अरविंद जी ने ब्रह्मांड पुलिस को सिखाया था कि कैसे अपराधियों को पकड़ना है और उन्हें सजा दिलानी है।

# भारत का अतिथि देवो भवः बनाम अमेरिका का अतिथि अपमान भवः

किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

वैश्विक स्तरपर यह पूरी दुनियाँ जानती है कि भारतीय संस्कृति में अतिथि को देवता का स्थान दिया गया है, इसीलिए ही भारत की नम्रता एक सिंबाल है अतिथि देवो भवः जो हमने भारत में जी-20 की मेज़बानी में खूब दिखाई, जिससे इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में आए करीब 200 देश के सैकड़ो मेहमानों जिसमें राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री व प्रतिनिधि तक मेहमान नवाजी से खुश हो गए थे, और हो भी क्यों ना! क्योंकि अतिथि देवो भवः का गुण हमारे राष्ट्रपति पीएम से लेकर अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के हृदय में समाया हुआ है। मेरा मानना है कि निजी स्तरपर शायद इस अतिथि देवो भवः के गुण में हो सकता है कमी आ गई हो परंतु मैं दावे के साथ कर सकता हूं कि भारतीय शासकीय स्तरपर, विदेशी लीडर्स अफसर, मंत्री प्रतिनिधि जब ऑफीशियली भारत आते हैं तो राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री से लेकर मंत्रियों तक व उच्चस्तर के अधिकारियों से लेकर छोटे अधिकारियों तक भी इस प्रोटोकॉल का पालन करते है, व उस अतिथि को खूब मान सम्मान और उसकी सेवा की जाती है। हालांकि जस्टिस बीआर गवई 14 मई को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बनने के बाद 18 मई को पहली बार महाराष्ट्र गए थे। हालांकि, मुंबई में उन्हें स्टेट चीफ सेक्रेटरी, डीजीपी या मुंबई पुलिस कमिश्नर में से कोई भी रिसीव करने नहीं आए थे,जिसपर सीजेआई गवई ने नाराजगी जाहिर की थी। इस घटना के बाद महाराष्ट्र सरकार को काफी शर्मिंदगी उठानी पड़ी थी। बाद में राज्य के कैबिनेट मंत्री और भाजपा के प्रदेश ने कहा कि उन्होंने प्रोटोकॉल में चूक के लिए राज्य सरकार की ओर से सीज़े आई गवई से फोन पर माफी मांगी है। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि गुरुवार दिनांक 22 मई 2025 को देर शाम साउथ अफ्रीका के राष्ट्रपति रामाफोसा व अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के बीच व्हाइट हाउस में ऑफिशियल मीटिंग के समय तनातनी तीखी नोक झोक की किलिप्स सोशल इलेक्ट्रॉनिक डिजिटल मीडिया पर जोरदार ढंग से वायरल हो रही है। ठीक वैसा ही व्यवहार व्हाइट हाउस में बीते दिनों फ़रवरी 2025 को यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से भी ऑफिशियल बातचीत तीखी बहस के रूप में परिवर्तित हो गई थी, इसके पूर्व 2017 में भी व्हाइट हाउस में ट्रंप व मर्केल के बीच मुलाकात के दौरान कैमरे के सामने ट्रंप नें हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था। मेरा मानना है कि यह अतिथि का अपमान है क्योंकि किसी को भी हम अपने शासकीय या निजी स्थान पर ऑफीशियली आमंत्रित करते हैं, न्योता देते हैं तो उसका मान सम्मान करना न केवल हमारा मानवीय धर्म है बल्कि प्रोटोकॉल भी है। चूँकि भारत का अतिथि देवो भवः बनाम अमेरिका का अतिथि अपमान भावः तथा यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की क़े बाद अब दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामाफ़ोसा से ट्रंप की ऑन कैमरा नोक झोक क्या अपमान नहीं ?इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विश्व के डिजिटल युग में भारतीय संस्कार संस्कृति व अतिथि देवो भवःजैसी अनेकों परंपराओं का संज्ञान लेकर अनुसरण करना आज समय की मांग है ?

साथियों बात अगर दिनांक 22 मई 2025 को देर शाम व्हाइट हाउस में रामाफोसा व ट्रंप के बीच ऑन कैमरा तथा कथित तनातनी व अपमान की करें तो,बुधवार को डॉनल्ड ट्रंप के बुलावे पर दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा अमेरिका दौरे पर पहुंचे थे, ये दौरा मुख्य रूप से दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने पर था, लेकिन मीटिंग के दौरान एक पत्रकार ने दक्षिण अफ्रीका में कथित श्वेत नरसंहार को लेकर मुद्दा उठा दिया, दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति ने इस सवाल का जवाब देने की कोशिश की, लेकिन ट्रंप ने इसके बाद जो किया उसने सभी को चौंका दिया, उन्होंने ओवल ऑफिस की लाइटें बंद करवा दी, ट्रंप दक्षिणी अफ्रीकी राष्ट्रपति को दक्षिण अफ्रीका में अश्वेत लोगों के खिलाफ हुए कथित आंदोलन के वीडियोज दिखाने लगे, डोनल्ड ट्रंप ने पहले से ही सारे वीडियोज को एडिट करवा के रखा था,यानें सिरिल रामफोसा को अपमानित करने की उनकी मंशा साफ-साफ दिख रही थी। ट्रंप यहीं नहीं रुके, वापस जब लाइटें ऑन हुईं तो ट्रंप कई अखबारों के आर्टिकल लेकर बैठे थे, जिसमें अश्वेत लोगों की मौत की खबरें थीं, ट्रंप एक एक कर के सारे आर्टिकल दिखाने लगे। बीते 10-15 मिनट से एक के बाद एक, आरोपों के बाण झेल रहे दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति का चेहरा पूरी तरह से उतर चुका था, उन्हें देखकर कोई भी कह सकता है कि वो यहां आने के अपने फैसले पर पछता रहे थे, लेकिन ट्रंप रुकने का नाम ही नहीं ले रहे थे, वो सवाल पर सवाल दागते जा रहे थे,आखिरकार दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति ने बड़ी ही विनम्रता के साथ उन्हें पूरा मामला समझाया और इन आरोपों का जवाब भी दिया।ये पहली बार नहीं है जब ट्रंप ने घर बुलाकर किसी अंतरराष्ट्रीय नेता को बेइज्जत किया है, इससे पहले फरवरी के महीने में भी व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में ट्रंप ने अपने मेहमान यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को पूरी दुनियाँ के सामने बेइज्जत किया था।तीन साल से रूस से जंग लड़ रहे जेलेंस्की अमेरिकी राष्ट्रपति से मदद मांगने आए थे, लेकिन यहां उन्हें फटकार लगा दी गई, तब राष्ट्रपति ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वांस दोनों एक साथ जेलेंस्की पर टूट पड़े थे। ट्रंप ने दावा किया की द.अफ्रीका में श्वेत किसानों का कत्ल हो रहा है, इसमें कोई दो राय नहीं है कि दक्षिण अफ्रीका में रेसिज्म यानी रंगभेद का पुराना इतिहास रहा है, लेकिन श्वेत किसानों के नरसंहार का जो दावा ट्रंप कर रहे हैं,दक्षिण अफ्रीका के सरकारी आंकड़े कहते हैं कि वहां औसतन हर साल 27000 मर्डर रिकॉर्ड किए जाते हैं, जिनमें से श्वेत किसानों की हत्या के सिर्फ 1 पेर्सेंट मामले हैं, एक और आंकड़ा बताता है कि अक्टूबर से दिसंबर 2024 के बीच वहां 6,953 हत्याएं दर्ज की गईं, जिनमें से श्वेत किसान की हत्या का सिर्फ 1 मामला है। मानवाधिकार संस्थाएं, जैसे एमनेस्टी इंटरनेशनल और ह्यूमन राइट्स वॉच ने भी माना कि किसानों की हत्या तो हो रही है लेकिन इसमें नस्लीय हिंसा का कोई एंगल नहीं है, ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर ट्रंप ने ये मुद्दा उठाया क्यों? इस मुद्दे के बहाने अपने मेहमान को ओवल ऑफिस में मीडिया के सामने बेइज्जत किया क्यों, अमेरिका की राजनीति में भी श्वेत-अश्वेत का मामला काफी लंबे वक्त से चला आ रहा है, ऐसे में ये नैरेटिव ट्रंप के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है, ऐसे में माना जा रहा है कि ट्रंप ने अपने राजनीतिक हित के लिए सिरिल रमाफोसा को बेइज्जत किया, लेकिन यहां डॉनल्ड ट्रंप ने जो किया उसकी उम्मीद भी किसी ने नहीं की, डॉनल्ड ट्रंप अपने मेहमान से ऐसे ऐसे सवाल पूछने लगे जिससे वो असहज हो गए. ऐसा लग रहा था जैसे ट्रंप दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति का वेलकम करने नहीं बल्कि बेइज्जत करने की तैयारी के साथ आए हों। हमारे मन में अतिथि के लिए कभी भी हीन भावना नहीं आनी चाहिए और हमें कभी उसका निरादर नहीं करना चाहिए। जो व्यक्ति कभी भी अपने अतिथि का सत्कार नहीं करता भगवान भी उसके घर नहीं आते है। यदि आप अतिथि का सम्मान नहीं करते तो आपकी पढ़ाई व्यर्थ है। अतिथि पूजनीय है और उनका आगमन जीवन में खुशियाँ भर जाता है। साथियों बात अगर हम भारत के अतिथि देवो भवः संस्कारों की करें तो, अगर हमारे घर कोई मेहमान आता है तो हम उनसे चाय-नाश्ता पूछते हैं.



एक नजर

## उपचार के नाम पर चल रहा था धर्मान्तरण



**राजिम, 24 मई।** राजिम गरियाबंद जिले के राजिम थाना क्षेत्र के ग्राम सुरसाबांधा में झाड़ फूंक के नाम पर एक युवती की मौत हो गई, मृत युवती महासमुंद जिले के ग्राम पचेड़ा की निवासी बताई जा रही है। आपको बता दें कि ग्राम सुरसाबांधा निवासी श्रीमती ईश्वरी साहू ईसाई धर्म को मानती है और उसके द्वारा गरीब तबके के लोगों को बहला फुसलाकर उनका मालिश कर और प्रार्थना सभा लगाकर इलाज करती थी और उन्हें धर्मांतरण करने के लिए प्रेरित करती थीं। पिछले तीन माह से युवती योगिता सोनवानी का इलाज आरोपी महिला अपने घर में उसे रखकर कर रही थी, कल रात जब उसके परिजन उससे मिलने आए तो उसे मृत अवस्था में देख उन्होंने राजिम थाना पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस आरोपी महिला के घर पहुंच कर युवती को अस्पताल पहुंचाई जहां पर उसे डाक्टरों ने कुछ घंटे पूर्व ही मृत हो जाना बताया। मृत युवती के शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि आरोपी महिला उसके ऊपर चढ़कर उसका मालिश करती थी जिसके कारण उसके पीठ के सभी पसलियों के हड्डी टूट चुके थे जिसके कारण ही उसकी मौत होना पाया गया। राजिम पुलिस ने आरोपी महिला ईश्वरी साहू को गिरफ्तार कर लिया है, आरोपी महिला इलाज के नाम पर झाड़ फूंक करती थी और मरीजों से धर्म परिवर्तन कराने उनपर दबाव बनाती थी यह पूरी घटना राजिम थाना क्षेत्र के ग्राम सुरसाबांधा की है।

## ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत रिक्त पदों के लिए 29 मई तक मंगाए गए दावा-आपत्ति

**रायगढ़, 24 मई।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जनपद पंचायत में विकास खंड परियोजना प्रबंधक, क्षेत्रीय समन्वयक एवं लेखा सह एम.आई.एस. सहायक हेतु प्राप्त आवेदनों की तैयार सूची दावा-आपत्ति हेतु सूचना पटल पर प्रकाशित कर दी गई है। दावा-आपत्ति सूची में किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा हो तो दिनांक 29 मई 2025 तक कार्यालयीन समय तक अपनी दावा-आपत्ति मय समस्त दस्तावेज के जिला पंचायत रायगढ़ में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते है। दावा-आपत्ति सूची रायगढ़ के वेबसाईट https://raigarh.gov.in में भी अपलोड कर दी गई है।

## स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालयों में रिक्त पदों पर संविदा भर्ती के लिए 1 जून तक आवेदन

**रायगढ़, 24 मई।** जिला रायगढ़ अंतर्गत संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में कलेक्टर के अनुमोदन उपरांत विभिन्न पदों पर मेरिट आधार पर भर्ती किए जाने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से 1 जून 2025 तक आवेदन मंगाए गए है। अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी के लिए जिले के वेबसाईट https://raigarh.gov.in का अवलोकन कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़ जिला पंचायत कार्यालय के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

## पुरी में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री :साव

**कांकेर, 24 मई ।** छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुसार आम जनता की समस्याओं के समयबद्ध निराकरण, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु आज चारामा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पुरी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त समाधान शिविर में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि और विधायी कार्य मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरूण साव शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणजनों संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की साय सरकार आमजनता की उम्मीदों और भरोसे पर खरा उतर रही है। सुशासन तिहार वास्तव में आमजनता का सरकार के प्रति भरोसे का तिहार है।

# गरियाबंद में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा देशभक्ति के नारों से गूंजा शहर, हर वर्ग के लोग हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 24 मई।** ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व सफलता के उपलक्ष्य में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिला मुख्यालय में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। भारी बारिश के बावजूद सैकड़ों नागरिकों ने उत्साह के साथ हाथों में तिरंगा थामे भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों के साथ इस यात्रा में हिस्सा लिया। यह विशाल तिरंगा यात्रा गायत्री मंदिर से शुरू होकर बस स्टैंड, तिरंगा चौक, बाजार मार्ग, सुभाष चौक, शीतला मंदिर होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में समाप्त हुई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में विशेष रूप से भाग लिया। यात्रा में भाजपा प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, भाजपा के जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी, की उपस्थिति ने लोगों में देशभक्ति का जोश और उत्साह भरा।

### ऑपरेशन सिंदूर को बताया राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक

भाजपा प्रदेश मंत्री किशोर महानंद ने अपने संबोधन में कहा, भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में घुसकर न केवल




आतंकवादियों को मार गिराया, बल्कि आतंकवाद को पनाह देने वाले पाकिस्तान को भी करारा जवाब दिया। यह हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। हमारी सेना ने दुनिया को दिखा दिया कि भारत अपनी संप्रभुता और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं करता। जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा, पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने 140 करोड़ भारतीयों के दिल को झकझोर दिया था। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी एकजुटता और दृढ़ निश्चय का परिचय दिया है। यह नया भारत है, जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं, जो देश की ओर उठने वाली हर नजर को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार हैं। पाकिस्तान को अब समझ लेना चाहिए कि भारत के खिलाफ कोई साजिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी।÷पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत के राष्ट्रीय स्वाभिमान, संप्रभुता और सामरिक शक्ति का प्रतीक बताते हुए कहा, यह अभियान वैश्विक मंच पर यह संदेश देता है कि भारत आतंकवाद को जड़ से मिटाने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है। हमारी सेना ने न केवल आतंकियों को सबक सिखाया, बल्कि दुनिया को भारत की ताकत का अहसास कराया। पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझीने अपने संबोधन में कहा, ऑपरेशन सिंदूर आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। यह हमें याद दिलाता है कि भारत की संप्रभुता और सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं हो सकता। हमारी सेना और सरकार ने यह साबित कर दिया कि हम आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने में सक्षम हैं।

### देशभक्ति के नारों से गूंजा गरियाबंद

तिरंगा यात्रा के दौरान ÷भारत माता की जय वंदे मातरम भारतीय सेना जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद जैसे नारों से आकाश गूंज उठा। बारिश के बावजूद बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक यात्रा में हिस्सा लिया। कई महिलाएं तिरंगे रंग की साड़ियों में यात्रा में शामिल हुईं, जिसने राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना को और प्रबल किया।

### आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक कार्रवाई

ऑपरेशन सिंदूर को 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय वायुसेना द्वारा कार्यवाही को अंजाम दिया गया। इस ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के स्थित 9 आतंकी ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए, इस कार्रवाई को भारत की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति और सामरिक शक्ति का प्रतीक माना जा रहा है।

### तिरंगा यात्रा: राष्ट्रीय एकता और गौरव का प्रतीक

तिरंगा यात्रा निकाली गई थी, जिसमें भारतीय सेना की वीरता और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया गया। यह यात्रा देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बनकर उभरी, जिसमें सभी वर्गों और समुदायों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### इन लोगों ने बढ़ाया उत्साह

यात्रा में मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, वरिष्ठ नेता बलदेव सिंह हुंदल, जिला मंत्री श्रीमती मिलेश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, पूर्व अध्यक्ष गफ्फू मेमन, नपा उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, सुरेंद्र सोनटेके, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, अनूप भोसले, आशीष शर्मा, अजय रोहरा, राधेश्याम सोनवानी, सागर मयाणी, टीकम साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, सूरज सिन्हा, रिकेश साहू, हेमंत सिन्हा, जगमोहन पटेल, भोजलाल सिन्हा, संतोष यादव, भगवान बेहरा, नवीन मांझी, संदीप पाण्डेय, बिंदु सिन्हा, तनु साहू, पुष्पा साहू, रेणुका साहू, विकास रोहरा, वीरेंद्र साहू, खेम सिंह बघेल, प्रकाश सोनी, नूतन देवांगन सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# सुशासन त्यौहार में प्राप्त आवेदनों का तत्परता से किया जा रहा है निराकरण: हिमशिखर गुप्ता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 24 मई।** सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत गरियाबंद विकासखंड के ग्राम पंचायत कोचवाय में आज समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कोचवाय सहित बारूका, बेहराबुड़ा, घुटकुनवापारा, कस, हरदी, कसेरू, कोकड़ी, सड़क परसुली, तवंरबाहरा, नहरगांव जैसे आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया और अपने आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। अनेक लोगों को शासन की विभिन्न लाभकारी योजनाओं से शिविर में ही लाभ पहुंचाया गया

शिविर में जिले के प्रभारी सचिव हिमशिखर गुप्ता, कलेक्टर बी.एस. उइके, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, डीएफओ लक्ष्मण सिंह, जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, एसडीएम ऋषा ठाकुर, जनपद सीईओ के.एस. नागेश




सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। प्रभारी सचिव श्री गुप्ता ने विभिन्न विभागीय स्टॉलों का अवलोकन कर शासकीय योजनाओं की जानकारी और हितग्राहियों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया।

### 4680 आवेदनों का निराकरण

सुशासन तिहार के तहत कोचवाय क्लस्टर में प्राप्त कुल 4680 आवेदनों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। इस अवसर पर प्रभारी सचिव हिमशिखर गुप्ता ने कहा सुशासन तिहार का उद्देश्य जनता की समस्याओं को समझना और उनका त्वरित निराकरण करना है। इन शिविरों के माध्यम से क्लस्टर स्तर पर लोगों के गांवों के नजदीक समस्याओं का समाधान किया जा रहा है, साथ ही उन्हें विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है।

### हितग्राहियों को मिला लाभ

शिविर में तीन दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसिकल, पांच गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार किट प्रदान कर गोदभराई रस्म निभाई गई, और दो शिशुओं का अन्नप्रासन किया गया। कलेक्टर बी.एस. उइके ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शुरू किए गए सुशासन तिहार को जनहितैषी और संवेदनशील कदम बताते हुए कहा, ÷यह अभियान शासकीय कार्यों में पारदर्शिता लाने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का एक कारगर प्रयास है।

### जनता तक पहुंच रही शासन की योजनाएं

जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा, शासन की मंशा है कि सभी पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिले और उनकी समस्याओं का समाधान हो। सुशासन तिहार के माध्यम से लोगों को उनके गांवों के पास ही आवेदनों की स्थिति की जानकारी दी जा रही है।

## आतंक के घेरे से निकल पहली बार बच्चों ने देखा विकास का मॉडल

### कलेक्टर से मिले और बोले अच्छा स्कूल हमें भी चाहिए



**बीजापुर, 24 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** समर कैम्प 2025 के तहत एक्सपोजर विजिट में नियद नेल्लानार और माओवाद प्रभावित इलाके के बच्चों ने पहली बार बीजापुर आकर विकास और उन्नति के मॉडल को देखा । मिनगाचल नदी पार पेदाजोजेर, कमकानार, जारगोया, चिन्नाजोजेर, उसूर के पुजारी कांकेर, चाटलापल्ली, संकनपल्ली के बच्चों ने बीजापुर आकार कलेक्ट्रेट, जिला अस्पताल, सेंट्रल लाइब्रेरी, नवोदय विद्यालय, एजुकेशन सिटी, लोहा डोंगरी का भ्रमण कर बदलते बीजापुर और विकसित भारत के नए दौर का अनुभव किया।माओवाद से पीड़ित बीजापुर के ऐसे गांव जहां सालों से बंद पड़े स्कूलों को जिला प्रशासन ने अथक प्रयासों से फिर से खोलने में सफलता पाई। इन गांव के हजारों बच्चे जिन्होंने कभी जिला मुख्यालय तक का सफर नहीं किया और आधुनिक भारत के साथ बदलते बीजापुर की तस्वीर से अंजान रहे उन बच्चों को कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देश पर एक्सपोजर विजिट के तहत बीजापुर भ्रमण कराया गया ।बीजापुर में बच्चों ने कलेक्ट्रेट के सभागार में कलेक्टर संबित मिश्रा और सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार से मुलाकात की। कलेक्टर ने बच्चों से सवाल जवाब कर भ्रमण के अनुभव को साझा किया । बच्चों ने कहा कि यहां आकर बहुत अच्छा लगा। कलेक्टर ने पूछा आपके गांवों में क्या चाहिए तब बच्चों ने कहा कि जैसा स्कूल यहां है वैसा हमारे गांव में भी चाहिए। कलेक्टर ने बच्चों को भविष्य में आगे बढ़ने और विकास के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।कलेक्ट्रेट में बच्चों को जाति प्रमाण पत्र बनने की प्रक्रिया, आधार कार्ड, भू अभिलेख कोषालय आदि का भ्रमण कर काम काज की जानकारी दी गई।जिला अस्पताल में आयुष्मान कार्ड, ओपीडी, ब्लड बैंक, एक्सरे मशीन, आपातकालीन कक्ष में इलाज की जानकारी दी गई। सिविल सर्जन, चिकित्सक और स्टाफ नर्स ने बच्चों से मुलाकात कर मेडिकल क्षेत्र में भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराया ।सेंट्रल लाइब्रेरी में बच्चों ने टेलीस्कोप से अंतरिक्ष की गतिविधियों को देख रोमांच का अनुभव किया। यहां वीआर सेट से मनोरंकन और एजुकेशन मूवी को देख कर आनंद का अनुभव किया। सेंट्रललाइब्रेरी में बच्चों ने भवन में उपलब्ध लर्निंग किट से एक्टिविटी लर्निंग का काफी मजा लिया। एजुकेशन सिटी में शासन द्वारा स्थापित विभिन्न शैक्षणिक भवनों का अवलोकन कर जवाहर नवोदय विद्यालय का भ्रमण कराकर विद्यालय की उपलब्धियों और गुणवत्ता से परिचय कराया गया।बच्चों ने यात्रा का काफी आनंद लिया और कहा कि हम लोग पढ़ लिख कर यहां आयेंगे और अच्छा काम कर अपने माता पिता और समाज का नाम रोशन करेंगे।

# 2 जून को नगर निगम ऑडिटोरियम में होगा कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन



**रायगढ़, 24 मई।** जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर करने के उद्देश्य से मिशन उत्कर्ष-छू लो आसमान योजना का संचालन किया जा रहा है। मिशन उत्कर्ष योजना के तहत समय-समय पर छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिये कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया जाता है।इसी कड़ी में वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी के मुख्य आतिथ्य में उत्कर्ष-छू लो आसमान योजना के अंतर्गत यूपीएससी, पीएससी एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के लिए जिला प्रशासन रायगढ़ के द्वारा 02 जून 2025 को दोपहर 12 से नगर निगम ऑडिटोरियम, पंजरी प्लांट रायगढ़ में कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने हेतु टिप्स देंगे।

### यूपीएससी में चयनित राज्य के प्रतिभागी बतायेंगे कैसे हासिल की सफलता

नगर निगम ऑडिटोरियम, पंजरी प्लांट रायगढ़ में 02 जून 2025 को आयोजित कैरियर कार्यशाला में वर्ष 2024-25 में यूपीएससी परीक्षा में चयनित हुए राज्य के 10 प्रतिभागी शामिल होंगे। वे अपनी सफलता एवं संघर्ष साझा करने के साथ ही सफलता हेतु मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। जिसमें 65 वां रैंक प्राप्त रायपुर की पूर्वा अग्रवाल, 273 रैंक प्राप्त राजिम के श्री अंकित धवानी, 313 रैंक प्राप्त मुंगेली के श्री अपर्ण घोष, 444 वां रैंक प्राप्त जगदलपुर की कु.मानशी जैन, 496 रैंक प्राप्त अम्बिकापुर के श्री केशव गर्ग, 654 रैंक प्राप्त अम्बिकापुर के श्री सची जायसवाल के साथ यूपीएससी से चयनित श्री आर्यमन, श्री राजू, श्री शशांक, श्री टेशुकान्त एवं आईएफ एस से चयनित श्री अतुल जैन उपस्थित रहेंगे।

## महानदी को संवारने नगरी में उमड़ा जनसमुदाय

**धमतरी 24 मई ।** महानदी अवेकिंग अभियान मां के तहत नगरी में महानदी को संवारने आज सुबह बड़ी संख्या में जनसमुदाय उमड़ा। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने मिलकर महानदी के किनारे स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा की जिला प्रशासन के पहल पर यंहा के लोगो की वर्षो पुरानी मांग अब पूरी हो रही है। उन्होंने कहा की बड़े ही सौभाग्य की बात है कि लाखों लोगों को जीवन देने वाली महानदी को संवारने का अवसर हमें प्राप्त हुआ है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया की जिला प्रशासन की इस मुहिम में अधिक से अधिक लोग जुड़ें और इस अभियान को अंजाम तक पहुचायें। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरूण सार्वा ने इस कार्य में क्षेत्रवासियों द्वारा हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने कहा कि इस अभियान की शुरूआत कुछ दिनों पहले मंदिर से की गयी है। फरसियां और सामतरा में यहां के लोगों द्वारा श्रमदान कर जो महानदी को स्वच्छ करने का काम किया गया है।

## कलेक्टर के त्वरित एक्शन से ग्रामीणों को मिली राहत, कहा-धन्यवाद

**बीजापुर, 24 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला मुख्यालय से करीब 18 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम चेरकंठी के मोड़ियम पारा के ग्रामीणों को आखिरकार पेयजल समस्या से बड़ी राहत मिल गई है। कलेक्टर संबित मिश्रा के त्वरित एक्शन ने गांव में बोर खनन और हैंडपंप लगवा दिया है, जिससे लगभग 20 परिवारों की सालों पुरानी परेशानी दूर हो गई है।

**ग्रामीणों ने लगाई थी गुहार**-मोड़ियम पारा के निवासियों को पीने के पानी के लिए अब तक 2 किलोमीटर से भी अधिक दूर पैदल जाना पड़ता था। यह ग्रामीणों के लिए एक बड़ी और दैनिक चुनौती थी। अपनी इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए, ग्रामीणों ने जिले के कलेक्टर श्री संबित मिश्रा से गुहार लगाई थी।

**कलेक्टर ने दिए त्वरित निर्देश**-कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने ग्रामीणों के आवेदन को गंभीरता से लिया। उन्होंने बिना देरी किए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को तुरंत बोर खनन करने और हैंडपंप स्थापित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के इस पहल का नतीजा यह हुआ कि अब ग्रामीणों को अपने ही पारा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो गया है।

**ग्रामीणों ने जताया आभार**-मोड़ियम पारा के बद्री मोड़ियम ने राहत भरी सांस लेते हुए कलेक्टर श्री संबित मिश्रा का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा, पहले पानी के लिए 2 से चार किमी दूर पैदल जाना पड़ता था, अब हमारे पारा में ही हैंडपंप लग गया है। हम कलेक्टर साहब को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने हमारे आवेदन को संज्ञान में लिया। इस कदम से न सिर्फ ग्रामीणों का समय और मेहनत बची है, बल्कि उनके जीवन स्तर में भी सुधार आया है।

## दण्डाधिकारी जांच के लिए उपस्थित होने की सूचना

**बीजापुर, 24 मई ।** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, थाना भैरमगढ़ अन्तर्गत घटना 12 अप्रैल 2025 को ग्राम कोलनार, बड़ेपल्ली के जंगल पहाड़ में हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ जिसमें दो अज्ञात माओवादियों का शव सहित नक्सली सामग्री बरामद की गई है।तथा इस संबंध में कोई भी किसी प्रकार की जानकारी रखते हो तो न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी भैरमगढ़ में 19 जून 2025 तक उपस्थित होकर लिखित या मौखिक जानकारी दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है।

# समाधान शिविर में शासन की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे पात्र हितग्राही




रायगढ़, 24 मई। सुशासन तिहार के अंतर्गत जनपद पंचायत रायगढ़ के कोड़तराई ग्राम पंचायत में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त समाधान शिविर में 15 ग्राम पंचायत शामिल हुए। ग्रामीणों को शासन की योजनाओ के बारे में संबंधित विभाग प्रमुख द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में कुल 355 आवेदन प्राप्त हुए जिनका यथासंभव निराकरण शिविर स्थल पर किया गया।

इस दौरान योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ ही पात्र हितग्राहियों को शिविर में विभागीय योजनाओं लाभान्वित किया गया। जिसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से 7 हितग्राही को राशन कार्ड, 5 हितग्राही को पीएम आवास की चाबी सौंपी गई। इसी तरह कृषि विभाग से 2 हितग्राही को पीएम किसान सम्मान निधि प्राप्त राशि का प्रमाण पत्र प्रदान की गई। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 हितग्राही को आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित किया गया। शिविर में श्रीमती सुजाता सुखलाल चौहान अध्यक्ष जनपद पंचायत रायगढ़, श्री रामश्याम डनसेना उपाध्यक्ष जनपद पंचायत रायगढ़, श्री गोपाल अग्रवाल, श्री सुखलाल चौहान और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रायगढ़ श्री राजेश साहू, तहसीलदार और विकास खंड अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।धरमजयगढ़ के खम्हार में आयोजित शिविर में शासकीय प्राथमिक शाला नेवारडीह संकुल क्रिन्धा अंतर्गत 5 एवं प्राथमिक शाला कमोसीनडांड संकुल चाल्हा अंतर्गत तीन विद्यार्थियों का जाति प्रमाण-पत्र बनाया गया। इस अवसर पर डीडीसी पूर्णिमा लाला बैगा, हरिशचंद्र राठिया, जनपद अध्यक्ष श्रीमती लीनव राठिया, जनपद उपाध्यक्ष शिशुपाल गुप्ता, बीडीसी मैना बाई राठिया, यशवंत राठिया, जनकराम राठिया, धुहनी बाई बैगा, भरत साहू, टीकाराम पटेल, गोकुल यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।खरसिया के बरभौना में आयोजित शिविर में ग्राम पंचायत तेन्दूमुड़ी, दर्रामुड़ा, देहजरी एवं रजघटा के 15 हितग्राहियों को राशन कार्ड, उद्यान विभाग द्वारा 15 हितग्राहियों को पौधा वितरण, राजस्व विभाग द्वारा 12 हितग्राहियों को बी-1, ऋण पुस्तिका एवं खसरा-नक्शा वितरित किया गया। इसी तरह पशुधन विभाग द्वारा बरभौना के 4 हितग्राहियों को मिनरल मिक्चर, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 7 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड एवं 7 हितग्राहियों को सिकल सेल कार्ड वितरित किया गया। इस दौरान तीन हितग्राहियों को आवास तथा कृषि विभाग द्वारा एक हितग्राही को हैण्ड स्प्रेयर प्रदान किया गया। मौके पर गर्भवती महिलाओं की गोद भरायी तथा नन्हें बच्चों का अन्नप्रासन्न करवाया गया।

### 26 मई को इन स्थानों पर लगेंगे समाधान शिविर

सुशासन तिहार के तीसरे चरण में 26 मई को जिले के 05 स्थानों में प्रात- 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जनपद पंचायत अंतर्गत पुसौर के सुपा, खरसिया के हालाहुली, लैलूंगा के बीरसिंघा, धरमजयगढ़ के लिप्ती एवं नगरीय निकाय अंतर्गत रायगढ़ के कबीर चौक मंगल भवन शामिल है।

## सिविल डिफेन्स वालेंटियर के लिए माय भारत पोर्टल पर कर सकते हैं रजिस्ट्रेशन

**रायगढ़, 24 मई।** वर्तमान समय में देश की सीमाओं पर बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों और संभावित संकटों को देखते हुए भारत सरकार द्वारा सिविल डिफेन्स वालेंटियर्स के रूप में आम नागरिकों को जोडने की पहल शुरू कर दी गई है। इस पहल के अंतर्गत हर क्षेत्र के नागरिक-विद्यार्थी, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, ड्राइवर, नाविक, बढ़ई, राजमिस्त्री, टेलीफोन ऑपरेटर, केबल टेक्नीशियन, सेवानिवृत्त अधिकारी एवं अन्य नागरिकों से राष्ट्र सेवा हेतु रजिस्ट्रेशन करने का आग्रह किया गया है।जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी, नगर सेना रायगढ़ ने स्वयं सेवकों से अनुरोध किया है कि उपरोक्त माय भारत पोर्टल के माध्यम से या कार्यालय जिला सेनानी, नगर सेना नागरिक सुरक्षा अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाए, रायगढ़ में उपस्थित होकर जानकारी भर सकते है। इस संबंध में संपर्क के लिए कार्यालय का दूरभाष नंबर 07762-223885 है।याद रखें, राष्ट्र पर हमला हम सभी पर हमला है। हमारी सेना यदि बॉर्डर पर युद्धरत है, तो हम भी तैनात है, अपने घरों को दुश्मनों से बचाने। सिपाही हम भी है, यदि अनुशासित एवं प्रशिक्षित हो सके। जो व्यक्ति खुद की रक्षा करना जानता है, वही दूसरों की रक्षा के लिये उपलब्ध हो सकता है। राष्ट्र को जरूरत है ऐसो प्रशिक्षित नागरिकों की। एक ऐसे नागरिक का प्रशिक्षित एवं जागरूक समूह जो हवाई आक्रमन, बाढ़, भूकम्प, भीषण दुर्घटना आदि में महत्वपूर्ण एवं जीवनोपयोगी व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने में प्रशासन कामददगार होती है एवं खुद को बचाना जानते हुए दूसरों की मदद करने में सहायक एवं उपयोगी होते है, तो समय ना गवायें, खुद को सिविल डिफेन्स ऑफिस में नामांकित करायें एवं अपनी सुविधानुसार प्रशिक्षण पाकर राष्ट्र सेवा में सहभागी बनें।सिविल डिफेन्स प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु ये दस्तावेज जरूरीसिविल डिफेन्स प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु निम्न दस्तावेजों की आवश्यकता है।

### कचना धुरवा महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण के साथ विदाई समारोह का आयोजन

# शिक्षा संस्कार और संस्कृति की जननी : दिनेश साहू

**■ डीएलएड के जूनियर छात्र व प्राध्यापकों ने सीनियरों को दी विदाई**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 24 मई।** स्थानीय कचना धुरवा महाविद्यालय में गत सोमवार को डीएलएड 2024-25बैच के छात्रों ने अपने सीनियर्स के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन से हुई।

कार्यक्रम में विशेष रुप से प्राचार्य एन सी साहू शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा, प्राचार्य के.के.साहू शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक छुरा, प्राचार्य पी.के .मिश्रा आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल छुरा दिनेश डडसेना शिक्षक आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल छुरा, पवन कुमार भारद्वाज प्रभारी आई.टी.एस. महाविद्यालय गरियाबंद की आतिथ्य में पुरस्कार वितरण कर छात्रप्रध्यापकों को सम्मानित किया गया। संस्था प्रमुख प्राचार्य डा.डी के साहू की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य तेजस्वी यादव आमंत्रित रहे। छात्रप्रध्यापकों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय प्रबंध समिति के मेंबर तेजस्वी यादव ने कहा कि आपको सही मायने में एक शिक्षक बनना है, न कि शासन के अधीनस्थ पगार लेने वाले कर्मचारी शिक्षक का स्थान समाज में सर्वोच्च है।आपकी ग्रहण किया गया शिक्षा तब सार्थक होगा जब समाज को इसका समुचित लाभ मिले। वहीं एन सी साहू ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि



मन के हारने से हार और मन के जीतने से जीत होती है। उन्होंने छात्रों को लगन और निष्ठा के साथ अपनी मंजिल की ओर बढ़ने का संदेश दिया। आत्मानन्द इंग्लिश माध्यम स्कूल के प्राचार्य प्रदीप मिश्रा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में सांस्कृतिक चेतना जागते है।जूनियर छात्रों का सीनियर छात्रों के प्रति सम्मान भावी पीढ़ियों को अच्छे आचरण सिखाते है। वहीं कार्यक्रम को कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य के.के. साहू, आई टी एस कॉलेज से पहुंचे डी.एल.एड प्रभारी पी के भारद्वाज ने भी संबोधित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ डी.के.साहू ने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य मनुष्य का सर्वांगीण विकास से है।शिक्षा संस्कार और संस्कृति की जननी है जो शिक्षा आपने ग्रहण किए उससे समाज को नई दिशा देवे उन्होंने कहा कि आपका अग्रिम जीवन सफलताओं के नए आयाम तक पहुंचकर हम सभी को गौरवान्वित करे। कार्यक्रम में प्रशिक्षु छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। एवं संस्थान की ओर से प्रतिभागी सभी सीनियर प्रशिक्षुओं को प्रतीक चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किए गए।वही छात्र प्राध्यापकों द्वारा सभी अतिथियों एवं प्राध्यापकों को साल, श्रीफल, एवं संस्थान को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

डी.एल.एड .प्रभारी कैलाश साहू सहायक प्राध्यापक देवेंद्र भारती, प्राध्यापिका आरती साहू ने अपने सभी छात्र प्राध्यापकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बिताए गए पलो को अविस्मरणीय कहा एवं शुभकामनाएं व्यक्त किए। कार्यक्रम में कचना ध्रुवा महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी प्राध्यापक टी.के.निर्मलकर, आर .आर.कुर्रे, पी.के.यादव, निर्मला यादव, विनोद कुमार यादव, टेमन साहू, धनराज ध्रुव, टिकेश्वर निर्मलकर, हरीराम यादव एवं समस्त छात्र अध्यापक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रशिक्षु छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

## समाचार संक्षेप

# शिक्षकों की नई नियुक्ति नहीं करना चाहती सरकारः इन्द्र साव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**■ स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदों में कटौती का आदेश वापस ले सरकार : विधायक**

**भाटापारा, 24 मई।** नए सेटअप के तहत शिक्षकों की न्यूनतम संख्या में कटौती और युक्तियुक्तकरण के नए नियम शिक्षा के अधिकारों का उल्लंघन है''। प्रदेश की सरकार नहीं चाहती कि छत्तीसगढ़ के बच्चों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके, इसलिए निजी शिक्षण संस्थानों को लाभ पहुंचाने, सरकारी शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करने का षड्यंत्र रचा गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार ही 5484 स्कूल ऐसे है जो केवल एक शिक्षक के भरोसे है, 297 स्कूल पूरी तरह से शिक्षक विहीन है, पिछले सवा साल के दौरान एक भी पद नियमित शिक्षा की नियुक्ति नहीं की गयी। विधानसभा में 33000 शिक्षक के पदों पर भर्ती की घोषणा करके वह प्रक्रिया भी दुर्भावना पूर्वक रोक दी गई, अब युक्तियुक्तकरण और नए सेटअप के नाम पर हजारों स्कूलो को बंद करके शिक्षकों के पद को खत्म करने का अव्यवहारिक फैसला थोपा जा रहा है। सरकार पहले शिक्षकों को प्रमोशन दे, उनके लिये ट्रांसफर पॉलिसी तय करे, उसके बाद ही युक्तियुक्तकरण का फैसला ले। नए सेटअप के नाम पर स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदों में कटौती का आदेश तत्काल वापस ले सरकार।



विधायक इन्द्र साव ने कहा कि स्कूलों को जबरिया बंद किए जाने से न केवल शिक्षक बल्कि उन स्कूलों से संलग्न हजारों रसोईया, स्लीपर और मध्यान भोजन बनाने वाली महिला, स्वसहायता समूह की बहनों के समक्ष जीवन यापन का संकट उत्पन्न हो जाएगा। नए सेटअप के तहत सभी स्तर प्राइमरी, मिडिल, हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदों में कटौती के चलते युवाओं के लिए नियमित शिक्षक के पद पर नई भर्ती के अवसर भी कम हो जाएंगे, शिक्षा के स्तर पर बुरा असर पड़ना निश्चित है। अधिनायकवादी प्रदेश की भाजपा सरकार ने इतना बड़ा अव्यवहारिक निर्णय लेने से पहले ना प्रभावित वर्ग से चर्चा की, न ही प्रदेश के भविष्य के बारे में सोचा। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक ही प्रदेश में 58000 से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त है, हर महीने सैकड़ों शिक्षक रिटायर हो रहे है, कई वर्षों से शिक्षकों का प्रमोशन रूका हुआ है, स्थानांतरण को लेकर कोई ठोस पॉलिसी बना नहीं पाए समयमान वेतनमान का विवाद अब तक लंबित है ऐसे में युक्तिकरण के नाम पर शिक्षकों को डरा कर वसूली करना चाहती है सरकार।

## एक नजर

### अंजलि दुबे रायपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त

**तिल्दा नेवरा, 24 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रायपुर जिला के पिरदा चौक निवासी अंजलि आलोक दुबे को भारत माता के सेवा के अवसर प्रदान करते हुये, उन्हें राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम, संबंध शाखा नरेन्द्र मोदी विचार मंच/मिशन न्यू इंडिया के रायपुर जिला के जिला अध्यक्ष, महिला मोर्चा बनाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्रा के आदेश पर प्रदेश महासचिव एवं रायपुर जिला के प्रभारी जिला अध्यक्ष दास जी साहू ने नियुक्ति आदेश जारी किया है। इसकी सूचना मुख्य शाखा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि चाण्क्य जी को भेज दिया गया है। अंजली दुबे के नियुक्ति पर दास जी साहू ने कहा की भारत माता के सेवा के साथ भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विचारों एवं संकल्प को जन जन तक पहुंचायेगे और भारत को सनातनी देश का दर्जा दिलवाने के लिये कार्य आगामी आदेश तक करते रहेंगें।



### आपदा पीड़ित 3 परिवारों को 12 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 24 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 23 मई 2025 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में विजय घृतलहरे पिता स्व. नकुल घृतलहरे निवासी ग्राम कोसमंदी, तहसील पलारी, रेखा बाई पति स्व. मोहनलाल, निवासी ग्राम मोहान, तहसील पलारी एवं सतवती बाई पति स्व दिलीप निवासी ग्राम खैरी, तहसील पलारी शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के सर्पदंश, आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### प्रीबीएड व डीएलएड परीक्षा में 7651 परीक्षार्थी हुए शामिल

**बलौदाबाजार, 24 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा प्रीबीएड और प्रीडीएलएड प्रवेश परीक्षा 22 मई 2025 को जिले में आयोजित हुई। प्रथम पॉली में प्रीबीएड एवं द्वितीय पाली में प्रीडीएलएड की परीक्षा में कुल 7651 परीक्षार्थी शामिल हुए जबकि 3557 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रीबीएड परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक चली। परीक्षा के लिए 16 केन्द्र बनाए गए थे। परीक्षा दिलाने के लिए 4364 पंजीकृत थे। इसमें उपस्थित 2842 एवं 1522 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह द्वितीय पॉली में प्रीडीएलएड परीक्षा दोपहर 2 से शाम 4.15 बजे तक चली। प्रीडीएलएड की प्रवेश परीक्षा के लिए 26 केन्द्र बनाए गए थे जिसमें 6844 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था।

### कबीर भवन के ऊपर से हाई टेंशन बिजली का तार हटाने की मांग करते थके चुके हैं कबीरपंथी

# सामाजिक व निजी कार्यक्रम में टेंट लगाते समय रहती है दुर्घटना की आशंका, फरियाद सुनने वाला कोई नहीं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराजहरा, 24 मई।** ग्राम पंचायत बिटाल के सामुदायिक कबीर भवन के ऊपर और बहुत नजदीक से हाई टेंशन बिजली का तार गया हुआ था। विगत 30 वर्षों से कबीर पंथ के लोग और ग्रामीण जन विधायक सासंद और प्रशासनिक अधिकारियों से तार हटाने की मांग करते थक चुके थे। तार हटाने के लिए अनगिनत बार मांग पत्र विभाग को सौंपा जा चुका है जिसके लिये हजारों रुपये खर्च कर कबीर आश्रम के सदस्य लोग असहाय हो गये हो गये थे क्योंकि कबीर आश्रम दान और कुछ अनुयायियों के सहयोग से संचालित होता है। कहा से इतना पैसा आएगा जिससे विभाग की मांग पूरी की जा सके। ग्राम पंचायत बिटाल के कबीर आश्रम में विभिन्न सामाजिक एवं निजी कार्य जैसे शादी विवाह, सुख और दुख के कार्यों में काम आता है। लेकिन हाई टेंशन तार बहुत नीचे होने से वहा पर टेंट नहीं लग पाता था। सामाजिक आयोजन में लोगों को दुर्घटना की भी आशंका रहती थी । इस कबीर भवन पर हाइटेंशन तार ग्रहण की तरह था। इनकी फरियाद सुनने वाला भी कोई नहीं था।

फिर कबीर आश्रम के लोग क्षेत्र के पूर्व जनपद सदस्य जो लोगों की मदद के अलावा क्षेत्र की समस्या का निराकरण करने के लिए सदैव तत्पर रहते है। संजय बैंस से संपर्क किया। उन्होंने कबीर पंथियों की सारी बात ध्यान से सुनकर उन लोगों को आश्वासन दिया और विभागीय अधिकारियों से मिलकर हाइटेंशन तार हटाने की मुहिम प्रारंभ किए। हाइटेंशन तार जो वर्षों से नहीं हट पा रहा था महज मात्र



दो महीने में ही संजय बैंस के सार्थक प्रयास से हाइटेंशन तार हटाने के लिए विद्युत विभाग के सहयोग से हटाया गया। जिससे ग्रामीण जन और कबीर पंथी बहुत हर्षित हुए और ग्राम पंचायत बिटाल सरपंच पंच ग्राम पटेल और कबीर पंथियों द्वारा कबीर आश्रम में हाइटेंशन तार के हटने से हर्षित होकर लोकप्रिय जनप्रतिनिधि संजय बैंस का अभिनंदन समारोह आयोजित कर शाल और श्रीफल से कबीर पंथियों के द्वारा सम्मान समारोह रखा गया। अतिथियों के द्वारा कबीर साहेब की पूजा अर्चना एवं आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। ग्रामीण अध्यक्ष टीयस गौर ने कहा की हमारे आराध्य कबीर साहेब के भवन में वर्षों से हाईटेंशन तार की समस्या थी। जिसके लिए हम लोगों ने कई बार विभाग के चक्कर लगाए नेताओं और विधायकों को भी आवेदन दिये लेकिन हमारे समस्या का निराकरण नहीं हो पाया था हम लोग मायूस थे कई कार्यक्रम हम लोग यहां पर करवाते थे कुछ दिन पहले हम लोगों ने समस्या को लेकर पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस से मिले उन्होंने हम लोगों को आश्वासन दिया था आज उन्होंने जो कहा वह कर दिखाया। हम लोग समाज और गांव की ओर से संजय भैया के बहुत आभार व्यक्त करते हैं। उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद देते हैं। उन्होंने हमारी बरसों पुराने समस्या का मात्र कुछ दिनों में निराकरण कर दिया।

अपने उद्बोधन में संजय बैस पूर्व जनपद सदस्य ने कहा की जनप्रतिनिधि होने के कारण हमारा कर्तव्य है कि जनता के समस्याओं का निराकरण करना पीड़ित ग्राम वासियों ने अपनी समस्या को हम तक पहुंचाई। उन्होंने बताया की हम लोगों ने हाइटेंशन तार को हटाने के लिए कई बार प्रयास किए, लेकिन हमारा समस्या का निराकरण नहीं हो पाया था। थक हार कर एक और उम्मीद लेकर ग्रामीणजन हमारे पास आये हमने इनकी बात विद्युत विभाग में रखा। उन्होंने मदद के लिए तैयार हुऔर आप लोगों की मांग पुरी हुई। हमारा मनाना है की कोई भी समस्या बड़ी नहीं होती बस मन से सहयोग करने की भावना होनी चाहिए। अपने आप को धन्यवाद का पात्र मानता हूं कि इसी बहाने आप लोगों का सेवा करने का अवसर तो मिला। कबीर दास साहेब लोगों को जाग्रत करने का काम करते थे। तुम्हें जात -पात, भेद-भाव आडंबर सब को छोड़कर वस्तविकता में जीवन जीने के लिए प्रेरित करते थे। लोगों के बीच प्रेम सद्भावना बढ़ाना चाहते थे।

एक दोहा है उनका जो आज भी मेरे मन मे बसा है

*जातपात को छोड़ दे।*
*सब लोग राम के दास*
*हो एक जनु सब की होय।*
*मिली बने सब मास*

जाति पाती वीभिन्न समुदाय को छोड़कर सब लोग राम के दास हैं सभी का अराध्य ईश्वर एक ही है। जब सभी लोग एक बन जाएंगे तो सब का कल्याण होगा। आपके ग्राम बिटाल का विकास होगा। हमारा देश का भी विकास होगा। बस आप लोगों से इतना आशा रखता हूं जब भी कोई समस्या हो आप हमारे पास आइये समाधान करने का पूरा प्रयास करेगे हम क्षेत्र की सेवा में हमेशा तत्पर रहेंगे।

इस अवसर पर जनपद सदस्य झमित बाई, सरपंच पवन बाई चुरेंद्र, पूर्व जनपद सदस्य ललिता पोरते, राम जानकी के अध्यक्ष गौरी शंकर साहू, युवा नेता पुष्पजीत बैंस गोविंद सिन्हा कबीर सीमित के अध्यक्ष परमेश्वर करबगिया, उपाध्यक्ष भुवन दास मानिकपुरी, सचिव ओमप्रकाश साहू, सहसचिव शीतल साहू, हरकू राम साहू, ग्रामीण प्रमुख पूरण साहू, हनुमान साहू, घनश्याम साहू, भीखम कोठारी, डाक्टर अश्वनी साहू, देवल मार्गिया, परदेशी कोठारी, सतवंतिन गोटा, गोदावरी साहू, पंकज साहू, लोमन साहू, घासनीन साहू, नरहर दास मानिकपुरी सहित गांव के गणमान्य जन उपस्थित थे।

# शिवरतन शर्मा के प्रयास से सड़क निर्माण के लिए मिली 5 करोड़ रुपए की स्वीकृति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 24 मई।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दो महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों को उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा के प्रयासों से प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृतियाँ न केवल ग्रामीण जनजीवन को सुलभ बनाएंगी, बल्कि क्षेत्रीय संपर्क को मजबूती प्रदान कर आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों को भी गति देंगी।



**भाटापारा विधानसभा के सिमगा विकासखंड में :** अडबंधा से चंदिया पथरा मार्ग..2.40 किमी 280.69 लाख ( दो करोड़ अस्सी लाख उनहतर हजार रूपये ) पुल पुलिया सहित एवं अड़बंधा से करहुल मार्ग 1.80 किमी 203.50 लाख ( दो करोड़ तीन लाख पचास हजार रूपये ) पुल पुलिया सहित की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है, , जिससे क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी।यह मार्ग कृषि, व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी ग्रामीणों के लिए वरदान साबित होगा। शासन-प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए क्षेत्र की जनता की प्राथमिकताओं को प्राथमिकता दी, और बिना रुके, बिना थके इन प्रस्तावों को शिवरतन शर्मा ने धरातल पर लाने का कार्य किया है। शीघ्र ही निविदा आमंत्रित कर कार्य को गति देने लोक निर्माण विभाग द्वारा आदेश जारी कर दी गई हैं.. उक्त स्वीकृति के लिए जिला महामंत्री राकेश तिवारी, सुनील यदु, आशीष जायसवाल, योगेश अनंत, मोहन बांधे, पवन वर्मा, नारायण साहू, मथुरा यदु, चन्द्रमणी तिवारी, छोटू यादव, कमलेश साहू, संतोष साहू, नारायण पाल, आनंद बंजारे, मनोज चौबे, सहित क्षेत्र वासियो ने मुख्यमंत्री, लोक निर्माण मंत्री सहित शिवरतन शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बजरंग पावर प्लांट के फूटी पाइप लाइन की मरम्मत में बिजली चोरी

## मोटर पंप सहित अन्य सामान जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 24 मई।** सिमगा नगरपालिका सिमगा के शिवनाथ नदी से तिल्दा स्थित बजरंग पावर प्लांट को पानी की सप्लाई होती है। जिसका पाईप लाईन फटने से विगत 5 दिनों से सिमगा तिल्दा मार्ग में स्थित देशी शराब दुकान से ओव्हर ब्रीज तक घुटनों तक पानी भर गया। एक तरफ जीवन दायिनी शिवनाथ नदी में घुटनों तक पानी नहीं है वहीं पावर प्लांट को प्रतिदिन पानी की सप्लाई होती है। उसमें से पाईप फटने से हजारों लीटर पानी यूं ही बर्बाद हो गया। वहीं आज दोपहर 12 बजे बहुजन आंदोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली को इसकी जानकारी मिलने पर तत्काल मौके पर आकर काम बंद करवाते हुए बिजली विभाग के एई संतराम पटेल व जेई सौरभ देवांगन को इसकी सूचना दी। जिस पर एई के निर्देशानुसार बिजली विभाग के कर्मचारीयों ने तत्काल मौके पर पहुंच बिजली चोरी कर पानी निकालते हुए उसके कर्मचारियों सहित 03 एचपी के मोटर पंप, 40 फीट केबल वायर सहित अन्य सामग्रीयों को जप्त किया। जेई सौरभ देवांगन ने बताया कि जप्त सामानों की सूची बनाने के बाद प्लांट के कर्मचारियों द्वारा जितने दिनों से चोरी की बिजली उपयोग कर रहे थे। उसकी राशि वसूली की नोटिस संबंधित लोगों को भेज दी जाएगी। तथा सख्ती से बिल की राशि वसूली की जाएगी।




**बैठक**



**तिल्दा नेवरा, 24 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जनपद पंचायत तिल्दा में आयोजित सामान्य सभा का बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सभापति का चुनाव किया गया। जिसमें सभी को अस्थाई समिति का सदस्य बनाया गया। साथ ही सामान्य सभा की बैठक में क्षेत्रों के विकास कार्यो को लेकर चर्चा हुई। क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ क्षेत्रवासियों तक सुचारू रूप से पहुंचाने एवं कार्यों में गति लाने अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे ने की।

### तिल्दा-नेवरा क्षेत्रांतर्गत बीएनबी स्कूल परिसर में सड़क सुरक्षा सम्मेलन का आयोजन

# कार्यक्रम में नागरिकों को दी गई यातायात नियमों की जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 24 मई।** जिला रायपुर में हो रहे लगातार सड़क दुर्घटना के घटनाओ को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा द्वारा जिले में लोगो को जागरूक करने के साथ ही साथ यातायात के नियमो का पालन करने के लिये प्रेरित करने एवं जानकारी के उद्देश्य से विशेष अभियान संचालित करने के लिये दिये गये निर्देश के परिपालन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह के मार्गदर्शन में

सड़क सुरक्षा सम्मलेन आयोजित किया गया। जिसमें थाना तिल्दा नेवरा क्षेत्र के मालवाहक वाहनो के मालिको को बड़ी संख्या में सूचीबध्द करते हुए बुलाया गया, एवं आसपास के ग्रामीणों को उक्त सम्मेलन में लगभग 900-1000 लोग शामिल हुए।




सम्मेलन के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर ने अपने संबोधन में सड़क दुर्घटनाओं के दौरान घायल को त्वरित इलाज हेतु गोल्डन ऑवर के भीतर हॉस्पिटल ले जाने के लिए हर सम्भव प्रयास करना, सभी मालवाहक वाहनो के स्वामी को किसी भी परिस्थिति में सवारी नही बैठाने, शराब पीकर वाहन नही चलाने, ओव्हर लोडिंग व ओव्हर स्पीड वाहन नही चलाने की हिदायत दिया तथा भविष्य में इन नियमो के उल्लंघन करने पर मोटर व्हीकल एक्ट एवं बी.एन.एस. के विभिन्न धाराओ के तहत् कड़ी कार्यवाही करने के बात की बताई।

अपने संबोधन में उप पुलिस अधीक्षक गुरजीत सिंह ने मालवाहक से संबंधित कानूनी प्रावधानो की विस्तृत जानकारी देते हुए सड़क मार्ग से यात्रा करने के दौरान अपनाये जाने वाली सुरक्षा उपायों और सावधानियों के बारे में बताया। नगर पुलिस अधीक्षक विधानसभा विरेन्द्र चतुर्वेदी एवं थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा सत्येन्द्र सिंह श्याम ने लोगो को संबोधित किया साथ ही जन प्रतिनिधि नगरपालिका अध्यक्ष चन्द्रकला वर्मा के द्वारा अपने विचार में इस यातायात जागरूकता को अपने तक सीमित न रखकर गांव गांव में प्रचार-प्रसार करे, अन्य जनप्रतिनिधि में मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद, श्रोतागणों में ओमप्रकाश मिश्रा (बैकुण्ठ), मोहम्मद मिर्जा (अडानी पावर प्लांट रायखेडा) अतुल पांडे ग्रेविटी आयरन चांपा ने अपने विचार व्यक्त किये।

उपरोक्त कार्यक्रम में तिल्दा नेवरा क्षेत्र के सभी जनप्रति निधि, वार्ड पार्षद, सरपंच, जनपद सदस्य, मीडिया के लोग, सहित आम लोग, वाहन चालक, वाहन स्वामी 900-1000 की संख्या में उपस्थित रहे, पुलिस के इस आयोजन में सभी लोगो ने स्वस्फूर्त तरीके से यातायात नियमो का पालन करने के लिए शपथ लिये एवं रायपुर पुलिस के इस आयोजन को सराहनीय बताए।

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202505095300007-ब/121-वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक छोटूराम पिता जानुराम जाति मरार निवासी ग्राम कन्हारगांव तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने माता फगनीबाई का दिनांक 12.06.2008 को ग्राम कन्हारगांव में मृत्यु हुआ था जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने माता फगनीबाई का दिनांक 12.06.2008 को ग्राम पंचायत कन्हारगांव में मृत्यु दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 30.05.2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार डोंगरगढ़**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.202505092100024 अ/6 वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक ऊषा श्रीवास्तव पत्नी स्व. प्रकाश श्रीवास्तव एवं अन्य 02 द्वारा आवेदन पेश किया है कि मोहनलाल, चिरौंजी लाल एवं दिनेश श्रीवास्तव आ. छन्नूलाल श्रीवास्तव तीनो का स्वर्गवास हो चुका है। सह खातेदार मोहन श्रीवास्तव एवं दिनेश श्रीवास्तव का अविवाहित अवस्था में स्वर्गवास हुआ है. आवेदिकागण स्व. प्रकाश श्रीवास्तव के अंतिम उत्तराधिकारीगण है। इस कारण दोनो मृतकों के कोई वारिस नहीं है। आवेदिकागण ही तीनों खातेदार के अंतिम उत्तराधिकारीगण है आवेदिकागणो के अतिरिक्त तीनों के कोई उत्तराधिकारी नहीं है।) आवेदिकागण शीट क्र. 3 भूखंड क्र. 179/1 क्षेत्रफल 1226 वर्गफीट में स्थित मकान को स्व. मोहनलाल, चिरौंजी एवं दिनेश श्रीवास्तव के अंतिम उत्तराधिकारी होने के कारण मोहन श्रीवास्तव, चिरौंजी श्रीवास्तव एवं दिनेश श्रीवास्तव का नाम विलोपित कर अपने नाम में दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 16/06/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र 202505095300008/ब/121-वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रकाश वर्मा पिता रामरतन वर्मा जाति लोधी निवासी ग्राम ढारा तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने बुआ सोनकी बाई पति गोपाल का दिनांक 06.08.2014 को ग्राम द्वारा में मृत्यु हुआ था जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदक ढारा अपने बुआ सोनकी बाई पति गोपाल का दिनांक 06.08.2014 को ग्राम पंचायत ढारा में मृत्यु दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 30.05.2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार डोंगरगढ़**

## एक नजर

### 36 पौव्वा शराब सहित कोचिया सपड़ाया

**रायपुर, 24 मई।** बीते 19 मई को मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम टेकारी में आयोजित सुशासन तिहार ( समाधान शिविर ) में शिकायत के बाद ग्राम नारा के एक अवैध शराब विक्रेता 48 वर्षीय ओमप्रकाश साहू को 36 पौव्वा शराब के साथ थाना अमला के सपड़ में आ गया । बीते 22 मई को इसे ग्राम नारा में धान मंडी के पास बरगद पेड़ के नीचे एक सफेद प्लास्टिक बोरे में शराब रखे रंगे हाथ पकड़ा गया । ज्ञातव्य हो भानसोज के सफल शराबभट्ठी विरोधी आंदोलन से जुड़े करीबन 35 ग्रामों में से अधिकतर में अवैध शराब , गांजा व नशीली गोलियां बिकने सहित होने वाले जुआ की ओर ध्यानाकर्षण कराते हुये जिलाधीश व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नाम पुलिस विभाग का कोई स्टाल न होने के कारण ज्ञापन आबकारी विभाग के स्टाल में सौंपा गया था।

### जनता को अब भरोसा हो रहा है कि लाल आतंक समाप्त होगा: शर्मा



**रायपुर, 24 मई।** छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने अपने दिल्ली दौरे से पहले मीडिया से बातचीत करते हुए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर खुलकर बात की। उन्होंने प्रधानमंत्री की बैठकों को बेहद उपयोगी बताते हुए कहा, ÷इस बैठक में मैं पहले भी तीन बार जा चुका हूं, अब चौथी बार जा रहा हूं। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से जो सुझाव मिलते हैं, अगर उनका 20 प्रतिशत भी लागू कर लिया जाए तो प्रदेश के लिए बहुत लाभकारी होगा। नक्सल ऑपरेशन को लेकर उन्होंने कहा, ÷इस बार नक्सलियों के सरेंडर की संख्या अधिक है और गिरफ्तारियां कम। यह सरकार की सबसे बड़ी सफलता है। जनता को अब भरोसा हो रहा है कि लाल आतंक समाप्त होगा। केंद्र और राज्य सरकार पर जनता का विश्वास मजबूत हुआ है। सरकार नक्सल उन्मूलन के स्पष्ट लक्ष्य के साथ काम कर रही है। बीजापुर में नक्सलियों के आत्मसमर्पण पर उन्होंने 'एलबद पंचायत' योजना का जिक्र करते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे आगे और भी सरेंडर की उम्मीद है।

### सात वर्षों से फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 24 मई।** राजधानी के खमतराई थाने में नकबजनी के मामले में पिछले सात वर्षो से फरार आरोपी राकेश मोगराज उर्फबाबा मोंगराज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आरोपी के दो अन्य साथी अनिल नाग व विनोद दास मानिकपुरी को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजे गये है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रदीप सोनकर ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि दिनांक 14.09.18 के सुबह अपने दोस्त के साथ फ्ल बिक्री करने के लिये वाल्टेयर गेट के पास गये थे, फ्ल बिक्री कर रात्रि 9.00 बजे अपने रूम जाकर सभी एक साथ खाना खाकर अपना अपना मोबाईल को चार्जर में लगाकर दरवाजा शटर बंद कर सो गये। दिनांक 15.09.18 के सुबह उठकर देखा तो प्रार्थी का बैग नही था शटर खुला हुआ था देखा तो किनारे का शटर टूटा हुआ था प्रार्थी व इनके दोस्तो के सभी मोबाईल गायब था आसपास पता तलाश किये कहीं पता नहीं चला कोई अज्ञात चोर शटर का किनारा कुन्दा निकाल अन्दर घुसकर बैग में रखे प्रार्थी के ह्श्वश्वश्व 71 किमती 8000 रूपये, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, नगदी रकम 5600 रुपये एवं प्रार्थी के दोस्तो के 8 नग नया पुराना मोबाईल सैमसंग इंटेक्स कीमती लगभग 40000 रू., नगदी 7000 रूपये चोरी कर ले गये हैं। प्रार्थी कि रिपोर्ट परधारा 457,380,34,201 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना दौरान प्रकरण के आरोपियान 01 अनिल नाग पिता पालेश्वर नाग उम्र 27 वर्ष सा. इंदिरा नगर खमतराई 02. विनोद दास मानिकपुरी पिता भागवत दास मानिकपुरी उम्र 26 वर्ष सा. साई मंदिर के पास खमतराई को दिनांक 18.09.2018 को गिरफ्तार कर विवेचना पूर्ण होने पर फरार आरोपी राकेश मोंगराज के विरूद्ध धारा 173 (8) जा.फौ. के तहत विवेचना जारी रखते हुए अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश कर फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा था कि दिनांक 23.05.2025 को मुखबीर की सूचना पर फरार आरोपी राकेश मोंगराज उम्र 30 वर्ष सा. इंदिर नगर डब्ल्यूआरएस कालोनी खमतराईको गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

### बापू का निधन समाज की बड़ी क्षति

**रायपुर, 24 मई।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने समाज सेवा ,गौ सेवा और धार्मिक गतिविधियों के लिए सदैव जिनका जीवन समर्पित रहा समाज की ऐसी धरोहर पिता तुल्य श्री रामजीलाल जी अग्रवाल का निधन को व्यक्तिगत क्षति बताते हुए कहा कि अग्रवाल समाज को रायपुर ही नहीं पूरे देश में दिशा देने वाले समाज की धरोहर आदरणीय बापू का पूरा जीवन सादगीपूर्ण रहा । लगभग 35 वर्ष पूर्व मैं बापू के संपर्क में आया, गांधी टोपी लगाए रामसागर पारा की दुकान में बैठे बापू सभी को अपना सहयोग और मार्गदर्शन समान रूप से देते मिले।

# भारतीय परंपरा और संस्कार आधारित शिक्षा जरूरी: जगदगुरू शंकराचार्य

**■ विप्र पब्लिक स्कूल भवन का लोकार्पण**



## यह शिक्षा केन्द्र ज्ञान, सेवा और संस्कृति का संगम है: राज्यपाल

**रायपुर, 24 मई।** छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र महाविद्यालय के 30 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित विप्र पब्लिक स्कूल भवन लोकार्पण समारोह विभूषित पश्चिमाम्नाय द्वारकाशारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामीश्री सदानन्द सरस्वती जी महाराज के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बृजमोहन अग्रवाल (सांसद एवं पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ),रविंद्र चौबे (पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन), राजेश मूणत (विधायक एवं पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ),मीनल चौबे (महापौर, नगर पालिक निगम रायपुर), पुरंदर मिश्रा (विधायक, रायपुर उत्तर ),अनुज शर्मा (विधायक ,धरसीवा ),कल्पना योगेश तिवारी (अध्यक्ष, जिला पंचायत बेमेतरा) , शशांक शर्मा (अध्यक्ष, साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़), नीलू शर्मा( अध्यक्ष, पर्यटन मंडल छत्तीसगढ़) उपस्थित थे। इस अवसर पर स्वामी श्री शंकराचार्य सदानंद सरस्वती जी महाराज ने अपने आशीष वचन में कहा कि जैसे सोनी को आप किसी भी जेवर के रूप में बना दें, पर उसका वास्तव में मूल्य सोने का ही होता है वैसे ही व्यक्ति कुछ भी बन जाए पर उसका मूल्य उसके व्यक्तित्व ,उसके मनुष्यता की होती है । आज देश युवा पीढ़ी से बहुत अधिक आशा करती है ।उस युवा पीढ़ी को जीवन मूल्य पर आधारित, अपने मूल परंपरा पर आधारित, सनातन धर्म पर आधारित शिक्षा प्रदान करने की आवश्यकता है। जिससे वह देश समाज को देने वाला बने ,देश समाज से लेने वाला नहीं। शंकराचार्य महाराज ने विप्र समाज द्वारा स्थापित शिक्षा केन्द्रो की सराहना करते हुए कहा कि गुरुदेव का आशीर्वाद छत्तीसगढ़ विप्र समाज को मिला है। इस परंपरा का निर्वाह करते हुए विप्र समाज के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद हमेशा रहेगा ,ताकि वह शिक्षा देने का कार्य करें और भारतीय परंपरा और संस्कार पर आधारित ज्ञान देकर नवयुवकों को तैयार करें। समारोह में राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। राज्यपाल ने विप्र कॉलेज के 30 वर्षों की शिक्षायात्रा को गौरवपूर्ण बताते हुए सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि यह संस्थान न केवल शिक्षा का केंद्र है, अपितु यह ज्ञान, सेवा और संस्कृति का संगम है। शिक्षा का उद्देश्य संस्कार और सेवा है। शिक्षा हमारे व्यक्तित्व को संवारने की प्रक्रिया है। समारोह में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा विप्र समाज भारतीय संस्कृति और सभ्यता का वह अभिन्न अंग है जिसने सदियों से ज्ञान, विद्या, धर्म और संस्कारों के संरक्षण एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।विप्र समाज केवल एक जातिगत पहचान नहीं, बल्कि वह विचारधारा है जो ज्ञान, सत्य, सेवा और संस्कृति की रक्षा में समर्पित है। यदि समाज का हर व्यक्ति ÷विप्रत्व÷ के इस भाव को अपनाए, ज्ञान की खोज करे, जीवन को नैतिक मूल्यों से जोड़े और समाजहित में कार्य करें तो भारत पुनः विश्वगुरु बन सकता है।

# शनिवार की छुट्टी रद्द करना अधिकारी कर्मचारियों के साथ अन्याय: कांग्रेस

**रायपुर, 24 मई।** पुलिस विभाग में बीते चार साल से शनिवार को दी जा रही छुट्टी को रद्द करने पर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में पुलिस विभाग में भी सप्ताह में 5 दिन कार्य दिवस और शनिवार को अवकाश देने की शुरुआत हुई थी बीते 4 साल से पुलिस विभाग में शनिवार अवकाश दिया जा रहा था। जिसे अचानक रद्द कर दिया गया है सरकार का यह निर्णय पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों के साथ अन्याय है। यह उनके मौलिक अधिकार का हनन है, जब केंद्र में सप्ताह में 5 दिन कार्य दिवस है ऐसे में डबल इंजन की सरकार क्यों पुलिस विभाग के शनिवार की छुट्टी को निरस्त कर रही है? प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा की सरकार पुलिस विभाग में नयी भर्ती करने से बचने के लिए पुलिस मितान बना रही है। पुलिस विभाग में शनिवार की छुट्टी को खत्म करके अधिकारी, कर्मचारियों के ऊपर काम का अतिरिक्त बोझ डाल रही है। पुलिस विभाग में बल के कमी के चलते थानों में पुलिस की सक्रियता में कमी है। जिसके चलते आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं, वाहन दुर्घटनाएं हो रही है। कानून व्यवस्था संभल नहीं रही है। सरकार पुलिस विभाग की मूल समस्या मेन पावर की कमी को दूर करने के बजाय शॉर्टकट तरीका अपना रही है और शनिवार की छुट्टी को खत्म कर रही है। पुलिस मितान बनाने से तब तक लाभ नहीं होगा जब तक पुलिस मितान के द्वारा की गई शिकायत पर पुलिस त्वरित कार्यवाही ना करें। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि पुलिस विभाग में काम कर रहे अधिकारी, कर्मचारियों को अपने सामाजिक और पारिवारिक जिम्मेदारियां का निर्वहन करने के, आराम करने काम का तनाव कम करने लिए शनिवार की छुट्टी शुरू की गई थी। लेकिन एक बार और पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी को मिलने वाली छुट्टी को खत्म करके उन पर बोझ डालना अन्याय है, सरकार अपने इस निर्णय को वापस ले और पुलिस विभाग में तत्काल भर्ती की प्रक्रिया शुरू करें जिससे पुलिस विभाग में बल की कमी तो दूर होगी ही प्रदेश में युवाओं को सरकारी नौकरी का अवसर भी मिलेगा।

### छत्तीसगढ़ में मानसून 13 जून को देगा दस्तक

**रायपुर, 24 मई।** छत्तीसगढ़ में मानसून 13 जून के आसपास दस्तक देगा। पिछले 10 वर्ष में देश में पहली बार ऐसा हुआ है कि केरल में मानसून स्थापित हो गया है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. चन्द्रा से मिली जानकारी के अनुसार केरल में मानसून पहुंचने के बाद यह तमिलनाडू रायल सीमा, से बस्तर होकर रायपुर आएगा। इस समय खाड़ी में एक सिस्टम बना हुआ तथा नमी भी पर्याप्त मात्रा में आ रही है, जिसके कारण अब मानसून 13 जून के आसपास राजधानी रायपुर तथा 16 जून को सरगुजा दक्षिण छत्तीसगढ़ में पहुंच जाएगा। प्री-मानसून सिजनल वर्षा मौसम वैज्ञानिक के अनुसार राजधानी सहित प्रदेश में जो वर्षा हो रही वह प्री-मानसून वर्षा है।

# सब कुछ होगा ऑनलाइन, करप्शन पर लगेगा अंकुश

**■ सीआर लिखने का पैटर्न बदला, 15 जून तक समय सीमा**

**रायपुर, 24 मई।** छत्तीसगढ़ में कर्मचारियों, अधिकारियों की गोपनीय चरित्रावली लिखे जाने का पैटर्न बदल गया है। पहली बात यह कि अब सीआर ऑनलाइन लिखा जाएगा। अब क, ख, ग की बजाए 0 से 10 तक नंबर मिलेंगे। सीआर लिखने की समय सीमा भी तय किया गया है। अब कोई अधिकारी कर्मचारी या अपने मातहत अधिकारी को सीआर के लिए चक्कर नहीं काटवा पाएगा।

सामान्य प्रशासन विभाग से जारी आदेश जारी सरकार ने प्रदेश के करीब पौने चार लाख कर्मचारियों, अधिकारियों और शिक्षकों की गोपनीय चरित्रावली लिखने का पैटर्न बदल दिया है। सीआर में अब क प्लस, क, ख और ग लिखने का पैटर्न अब नहीं चलेगा। केंद्र की तरह अब इसके लिए 0 से 10 तक अंक मिलेंगे। अभी तक क प्लस को उत्कृष्ट माना जाता था और क को बहुत अच्छा। मगर अब 8 से 10 अंक उत्कृष्ट और 6 से 8 अंक बहुत अच्छा माना जाएगा। इसी तरह पहले ग को घटिया का दर्जा था तो अब 0 से 2 अंक को घटिया माना जाएगा। छत्तीसगढ़ में सीनियर अफसरों से सीआर लिखवाना अभी तक बहुत पेचिदा मामला होता था। अधिकारी इसके लिए लंबे समय तक घूमाते रहते थे। कई बार किसी दूसरे जिले में ट्रांसफर होकर चले जाते थे या फिर केंद्र में डेपुटेशन पर चले जाते थे, तो कर्मचारियों को वहां का चक्कर लगाना पड़ता था। सीआर के लिए कई अधिकारी अपना रेट तय कर दिए थे। जब तक पैसा नहीं मिलता था, सीआर संभव नहीं था। मगर अब सरकार ने उन अधिकारियों पर शिकंजा कस दिया है। अब ऑनलाईन सीआर लिखे जाएंगे। उसमें भी टाईम लिमिट रहेगा। उस डेट के बाद वह ऑटोमेटिक उपर के अधिकारी के पास चला जाएगा। इससे सीआर के प्रति अधिकारियों की जिम्मेदारी बढ़ेगी।

## बरसात हाते ही प्रोफेसर कॉलोनी सेक्टर-3 में हुआ जल भराव

**रायपुर, 24 मई।** राजधानी में आज वामनराव लाखे वार्ड के अंतर्गत आने वाले प्रोफेसर कॉलोनी सेक्टर-3, गली नंबर 4 में थोड़ा बारिश होते नाली जाम एवं गली में पानी भर गया है। मोहल्ले वासी पानी की समस्या से बहुत परेशान है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि यहां पर एक नाला तकनीकी दृष्टिकोण से गलत बनाया गया है, जिसके कारण पानी का निकासी नहीं हो पाता है, जिसके कारण बरसात में हल्की वर्षा होने के कारण यहां पर पानी भर जाता है। बरसात के दिनों में घरों के अंदर पानी भर जाता है। मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड के अंतर्गत आने वाले निचले बस्तियों में भी पानी भरने की शिकायत मिली है। समता कॉलोनी में भी नाले का निर्माण किया गया है। लेकिन यहां पर पानी भर गया है। वर्षा के कारण यत्रतंत्र गंदगी फैल गई है। राजा तालाब के अरमाना नाला का भी जल स्तर बढ़ रहा है। इस समय नालों की साफ-सफाई का काम चल रहा है। नगर पालिक निगम रायपुर में मार्ग में कचरा से सम्बंधित प्राप्त जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेकर नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप द्वारा दिए आदेशानुसार और स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 7 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री आत्मानंद साहू ने तत्काल टीम लगाकर जोन 7 क्षेत्र के अंतर्गत कलिंग नगर मुख्य मार्ग रामनगर क्षेत्र में सीवरेज चेम्बर की सफाई उपरांत रखे गए कचरे के ढेर को तत्काल उठवाकर स्वच्छता कायम करते हुए नगर निगम स्वास्थ्य विभाग को प्राप्त जनशिकायत का त्वरित निदान किया।

## राजधानी में मिला कोरोना का पहला मरीज, निजी अस्पताल में इलाज जारी

**रायपुर, 24 मई।** देश के कई इलाकों में कोविड-19 के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है, जिसको लेकर सरकारों ने चिंता जताई है और नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। इसी बीच राजधानी रायपुर में कोरोना संक्रमित मरीज़ चिन्हित किया गया है, जिससे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। कोरोना कंट्रोल एवं डिमांड सेंटर के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. खेमराज सोनवानी ने इस मामले की पुष्टि की है। बता दें कि संक्रमित मरीज़ को एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है, जहाँ उसका इलाज कोरोना प्रोटोकॉल के तहत किया जा रहा है। मरीज को सिंगल वार्ड में रखा गया है और इलाज की अलग से विशेष व्यवस्था की गई है। बताया जा रहा है कि लक्ष्मीनगर, पचपेड़ी नाका निवासी यह व्यक्ति सर्दी-खाँसी के रूटीन चेकअप के लिए अस्पताल पहुँचा था। लक्षणों के आधार पर डॉक्टरों को कोरोना की आशंका हुई, जिसके बाद उसका सैंपल लिया गया। रिपोर्ट पॉज़िटिव आने के बाद तुरंत उसे आइसोलेट कर इलाज शुरू कर दिया गया। अस्पताल प्रबंधन ने भी मरीज के संक्रमित होने की पुष्टि की है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मरीज के परिजनों का सैंपल लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# कुम्हारी टोल प्लाजा बंद करवाने हस्ताक्षर अभियान



**रायपुर, 24 मई।** पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने आज कुम्हारी टोल प्लाजा को बंद किये जाने की मांग को लेकर कुम्हारी टोल प्लाजा में सुबह 11 बजे से ''हस्ताक्षर अभियान'' चलाकर आम जनता से हस्ताक्षर लिये। उपाध्याय सहित कांग्रेसजनों ने कुम्हारी टोल प्लाजा में हर एक व्यक्ति जो इस अवैध टोल टैक्स का भुगतान करके निकल रहे थे उनसे चर्चा कर एवं उन्हें इस टोल प्लाजा में चल रहे अवैध टोल वसूली से अवगत् कराकर समस्त लोगों से हस्ताक्षर लिये। इस हस्ताक्षर के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के संरक्षण और अनियमितताओं में संलिप्त एजेंसी अथवा व्यक्तियों पर विधिसम्मत कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर विकास उपाध्याय के नेतृत्व में समस्त कांग्रेसजन न्यायालय पहुँचेगी। विकास उपाध्याय ने आज इस कुम्हारी टोल प्लाजा में फ्री वाहनों की एंट्री के लिए जो ओपन रास्ता है वहाँ पर लगाये गए स्कैनिंग कैमरे को काले पेंट से पोतकर उसे बंद कर दिया, उन्होंने कहा कि जब इस रास्ते से सभी को निःशुल्क एंट्री देना ही है तो यहाँ स्कैनिंग कैमरे की आवश्यकता ही क्यों है। वीआईपी एंट्री से गुजरने वाले वाहनों से भले ही उस समय पैसा नहीं काटा जाता लेकिन स्कैनिंग कैमरा यहाँ लगाकर बाद में उन्हीं वाहनों के फास्टटैग से भी पैसा काटा जा रहा था, इसलिए उपाध्याय ने उस स्कैनिंग कैमरे में काला पेंट पोतकर उसे बंद कर दिया है। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि इनके नेतृत्व में समस्त कांग्रेसजनों द्वारा कुम्हारी टोल प्लाजा को लेकर लगातार चरणबद्ध आंदोलन किये जा रहे हैं, पूर्व में एनएचएआई दफ्तर पहुँचकर प्रोजेक्ट डायरेक्टर दिग्वीजय सिंह से भी चर्चा किये थे, कुम्हारी टोल प्लाजा में पूर्व में कई बार प्रदर्शन किये जा चुके हैं, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जी को पत्र प्रेषित गया था, कल अनुपम नगर स्थित एनएचएआई कार्यालय के रिजनल हेड से भी मुलाकात की गई, भारतीय जनता पार्टी के 10 लोकसभा सांसदों को पत्र भी प्रेषित किया गया है और आज कुम्हारी टोल प्लाजा को बंद किये जाने की मांग को लेकर आम जनता से ''हस्ताक्षर अभियान'' के तहत उनसे हस्ताक्षर भी ले लिये।

## समाचार संक्षेप

### अमरजीत सिंह छाबड़ा को कैट ने दी बधाई



**रायपुर, 24 मई।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिंदर सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी के नेतृत्व में कैट का प्रतिनिधी मंडल श्री अमरजीत सिंह छाबडा जी से मुलाकात कर उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष के रुप में पदभार ग्रहण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी ने बताया कि कैट टीम ने श्री अमरजीत सिंह छाबडा जी को छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष के रुप में पदभार ग्रहण करने पर उनसे मुलाकात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अमर पारवानी, जितेन्द्र दोशी, परमानन्द जैन, विक्रम सिंहदेव, भरत जैन, अवनीत सिंह, विजय पटेल, जयराम कुकरेजा, हरसुख पटेल, रतनदीप सिंह, बी.एस. परिहार, रोनक पटेल, मितेश पटेल, संदीप गुप्ता, शैलन्द्र शुक्ला एवं नरेश माखीजा उपस्थित थे।

### श्याम मंदिर में 28 से श्रीमद् भागवत कथा

**रायपुर, 24 मई।** मारवाड़ी युवा मंच रायपुर सेंट्रल, छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच ,युवा अग्रवाल मंच महिला इकाई के द्वारा 28 मई से 03



जून तक समता कॉलोनी स्थित श्याम खाटू मंदिर में भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। वृंदावन के मशहूर कथा वाचक, विद्वान पंडित डॉ संजय कृष्ण सलिल भक्त जनों को भागवत कथा का रसपान कराएंगे। भागवत कथा आयोजन समिति के संयोजक विष्णु गोयल ,कन्हैया अग्रवाल ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया कि सात दिनों तक चलने वाले इस भक्तिमय आयोजन में अलग-अलग दिन भगवान की अलग-अलग लीलाओं का मंचन भी होगा। संगीत और सुरों के साथ भागवत कथा के दौरान वातावरण को पूरी तरह कृष्ण मय बनाने के लिए सभागार को विशेष रूप से सुसज्जित किया जाएगा। 28 जून को प्रातः भागवत भगवान की शोभायात्रा निकलेगी तत्पश्चात प्रथम दिवस की कथा शाम चार बजे से खाटू श्याम मंदिर में प्रारंभ होगी । प्रथम दिवस कुंती स्तुति, भीष्म भीष्म स्तुति सहित अन्य प्रसंग कथा में होंगे । द्वितीय दिवस 29 मई को सुखदेव जन्म, परीक्षित जन्म, आदि कथा प्रसंग में होंगे । 30 मई को तीसरे दिन ध्रुव चरित्र, जड़ भरत राहुगन संवाद, प्रहलाद चरित्र चौथे दिन गजेंद्र मोक्ष ,समुद्र मंथन, रामजन्म, बली वामन चरित्र, श्री कृष्ण जन्मोत्सव , नंदोत्सव मनाया जाएगा । पांचवें दिन भगवान कृष्ण की बाल लीला, कालिया मर्दन, गिरजा धारण लीला , होली महोत्सव होगा । छठवें दिन रासलीला, कंस वध ,रुक्मणी विवाह का आयोजन होगा । सातवें दिन सुदामा चरित्र, कृष्ण उद्धव संवाद ,श्रीमद् भागवत पूजन के साथ कथा का समापन होगा और भक्तजनों के लिए भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने में अनियमितता, 27 को आरटीओ का घेराव

**रायपुर, 24 मई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के मामले में रायपुर के लाखों वाहन मालिकों को हो रही परेशानी को देखते हुए अनियमितता दूर करने, व्यवस्था को सुधारने की मांग को लेकर 27 मई मंगलवार को कांग्रेसजनों के साथ आरटीओ का घेराव करेंगे । प्रदेश महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में लगभग 40 लाख वाहनों के नंबर प्लेट बदली जानी है ,अकेले रायपुर जिले में 10 लाख नंबर प्लेट लगाई जानी है । नंबर प्लेट लगाने के लिए जिस तरह की व्यवस्थाएं की गई है उसमें दस प्रतिशत काम ही अभी तक पूरा हो पाया है और वाहन मालिकों पर चालान की तलवार लटकने लगी है । रायपुर में नंबर प्लेट लगाने का काम कुछ स्थान पर चल रहा है । नंबर प्लेट लगाने का काम जिन जगहों पर हो रहा है वहां ऐसे कर्मचारियों को बैठाया गया है जो वाहन मालिकों के साथ अपमानजनक व्यवहार करते हैं और नंबर प्लेट के साथ अवैध रूप से कर खरीदने के लिए दबाव बनाते हैं रायपुर शाहिद पूरे प्रदेश के नागरिकों को नंबर प्लेट लगवाने के लिए केंटो में लगातार चक्कर काटने के साथ हो रही अनेक तरह की परेशानियां और अव्यवस्था को देखते हुए कांग्रेस पार्टी के द्वारा 27 में मंगलवार को प्रातः 11÷00 बजे आरटीओ के जिला मुख्यालय रांवभाठा,भनपुरी में घेराव किया जाएगा। नंबर प्लेट लगाये जाने वाले स्थान पर शासकीय कर्मचारी की अनिवार्य रूप से ड्यूटी लगाई जाने, नंबर प्लेट लगाने वाले केंद्रों में कवर की बिक्री पूरी तरह बंद करने, नंबर प्लेट लगाने के लिए दी गई तिथि पर नंबर प्लेट उपलब्ध कराने ,आगंतुक वाहन मालिकों के साथ अपमानजनक व्यवहार रोकने के साथ ही ट्रैफिक पुलिस के द्वारा की जाने वाली चालानी कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग आरटीओ के माध्यम से प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री ( जिनके पास परिवहन विभाग भी है ) से की जावेगी । उल्लेखनीय है कि कैबिनेट की बैठक के पश्चात घोषणा की गई थी कि प्रत्येक वार्ड में और ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर शुल्क जमा किए जाएंगे और नंबर प्लेट लगाई जाएगी किंतु शासन की घोषणा का दोनों कंपनियों पर प्रभाव दिखाई नहीं पड़ रहा है । शासन की घोषणा का क्रियान्वयन किए जाने की मांग भी माननीय मुख्यमंत्री से की जाएगी। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कांग्रेसजनों के साथ ही नंबर प्लेट लगाने को लेकर परेशान हो रहे नागरिकों से 27 मई को आरटीओ कार्यालय रावाभाठा- भनपुरी पहुंचने की अपील की है।

### वर्षा होते ही नगर निगम की साफ सफाई की पोल खुल गई

**रायपुर, 24 मई।** खाड़ी से आ रही नमी और एक सिस्टम बनने के कारण आज राजधानी में सुबह से हल्की से मध्यम वर्षा हुई। वर्षा होते ही नगर निगम की साफ-सफाई की पोल खोल गई है। प्रोफेसर कॉलोनी, समता कॉलोनी सहित अनेक निचले मोहल्लों में पानी भर गया। आज सुबह से मौसम का मिजाज बदल गया। राजधानी में सुबह 9 से 10 के बीच पानी गिरने लगा। अचानक वर्षा होने से लोग परेशान हो गए। घर में रखी छतरी तथा रेनकोट पहनकर निकले, इस समय राजधानी में बरसात के लिए बजार सज गया है, आकर्षक छतरियां बिगने के लिए आ रही हैं। सुबह 6 बजे से ही वर्षा होने के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ, मौसम विभाग के अनुसार बस्तर दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर संभाग के कई जिलों में भी वर्षा हुई है। मानसून आने की सूचना मिलते ही अब किसान सहकारी समितियों से खाद उठा रहे है, तथा बीज विकास निगम से बीज ले रहे हैं, कई स्थानों पर खुर्रा बुआई शुरू हो गई है। बार-बार वर्षा होने के कारण ग्रीष्म कालीन धान की कटाई नहीं हो पा रही है। वहीं नदी के तट पर लगे ग्रीष्मकालीन फल तरबूज, खरबूज और ककड़ी तथा खीरा खराब हो रहा है। ज्योतिष गणना के अनुसार 25 से 2 जून तक नवतपा शुरू हो जाएगा। सूर्य के तेज प्रभाव होने के कारण गर्मी पड़ेगी। ज्योतिष के अनुसार सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में आने से गर्मी पड़ेगी। मौसम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नवतपा ज्योतिष गणना के अनुसार होता है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26